राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 15 अंक: 171 पृष्ठ: 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# योग दिवस: योगमय हुई दुनिया...

### योग इकोनॉमी को बढ़ते देख रही दुनिया, योग से नए अवसर पैदा हुए हैं, योग केवल विद्या नहीं बल्कि विज्ञान है, योग से एकाग्रता बढ़ती है: पीएम मोदी

**क्रियाएं**

**पीएम ने वज्रासन से लेकर बलासन, भुजंगासन, शलभासन और उत्तानपादासन तक योग की कई क्रियाएं की**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**
विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में योगाभ्यास किय। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पीएम मोदी ने वज्रासन से लेकर बलासन, भुजंगासन, शलभासन और उत्तानपादासन तक योग की कई क्रियाएं कीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे कश्मीर आने का सौभाग्य मिला है। हमें योग से जो शक्ति मिलती है, मैं श्रीनगर में उसे महसूस कर रहा हूं। मैं देश के सभी लोगों और दुनिया के कोने-कोने में योग करने वालों को कश्मीर की धरती से योग दिवस की बधाई देता हूं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है।

**'177 देशों ने किया योग का समर्थन'**: प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा," मैंने 2014 में संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। भारत के उस प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया था, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड था। तब से योग दिवस लगातार नए रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। 2015 में दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 35 हजार लोगों ने एक साथ योग किया।"

## योग टूरिज्म का नया ट्रेंड चला: पीएम मोदी

**ऋषिकेश** और काशी से लेकर केरल तक हम देश में योग को पर्यटन के नए ट्रेंड को उभरते हुए देख सकते हैं। योग सीखने के लिए दुनिया भर से लोग भारत आ रहे हैं। साथ ही कहा कि पिछले वर्ष मुझे संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, यूएसए में योग दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करने का अवसर मिला था। इस कार्यक्रम में 130 से अधिक देशों के लोगों ने भाग लिया। भारत में आयुष विभाग ने योग करने वालों के लिए योग प्रमाणन बोर्ड का गठन किया है।

**'योग पर हो रही रिसर्च'**: पीएम मोदी ने कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा,"जम्मू कश्मीर योग-साधना की भूमि है। इससे उत्पादकता और सहनशक्ति बढ़ती है। योग से नए अवसर पैदा हुए हैं। योग केवल विद्या नहीं बल्कि विज्ञान है। योग से एकाग्रता बढ़ती है। योग पर अब रिसर्च हो रही है। योग टूरिज्म का नया ट्रेंड बन गया है।

**'एस्ट्रोनॉट भी करते योग'**: पीएम मोदी ने ध्यान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सूचना और संचार के युग में ध्यान केंद्रित करना बहुत मुश्किल हो गया है। ऐसे में लोगों के लिए योग बहुत जरूरी हो गया है। यह सकारात्मक प्रयासों में सहयोग करता है। उन्होंने कहा- एस्ट्रोनॉट भी योग करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 101 साल बुजुर्ग महिला का जिक्र करते हुए कहा कि इस साल भारत में फ्रांस की 101 साल की महिला योगा शिक्षिका को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वह कभी भारत नहीं आई लेकिन उन्होंने पूरा जीवन योग को लेकर जागरूकता फैलाने में लगा दिया।

## केरल: राज्य में खोले जाएंगे योग क्लब



**टीम एक्शन इंडिया**
**तिरुवनंतपुरम**
**केरल** सरकार की तरफ से समाज के हित के लिए एक बड़ा काम किया जाएगा। केरल सरकार इस साल राज्य में 10,000 नए योग क्लब शुरू करेगी। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने विश्व योग दिवस के अवसर पर ये जानकारी दी है। बता दें कि उन्होंने तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेडियम में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय उद्घाटन पर ये बात बोली है। जॉर्ज ने अपने बयान में कहा कि योग स्वस्थ शरीर और दिमाग के लिए सबसे अच्छा है क्योंकि यह बीमारियों को दूर कर सकता है और इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। उन्होंने यह भी बताया कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को दूर रखना नवा केरल एक्शन प्लान के तहत 10 प्रमुख परियोजनाओं में से एक है।

## इंसानियत के लिए योग किसी गिफ्ट से कम नहीं: राष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर में योग दिवस मनाया। वहीं भारतीय सेना से लेकर आईटीबीपी के जवानों ने योग किया। बर्फ पर योग करते हुए इनकी कई फोटोज भी सामने आई हैं। सोशल मीडिया पर दुनिया भर से लोगों की योग करते हुए तस्वीरें सामने आ रही हैं। इस बीच योग दिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की भी योग करते हुए फोटोज सामने आई है। उन्होंने इस दौरान लोगों से योग को लेकर खास अपील भी की। उन्होंने कहा, योग इंसानियत के लिए भारत का एक बड़ा गिफ्ट है, और जीवनशैली से जुड़ी बढ़ती समस्याओं को देखते हुए यह और भी जरूरी हो गया है।

**राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मु ने किया योग**: द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति सचिवालय के अन्य अधिकारियों के साथ यहां राष्ट्रपति भवन में योग भी किया। साथ ही उन्होंने एक्स पर योगा को लेकर एक पोस्ट भी शेयर किया। उन्होंने लिखा,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे वैश्विक समुदाय, विशेष रूप से भारत के साथी नागरिकों को बधाई! योग मानवता के लिए भारत का उपहार है। जीवनशैली से संबंधित बढ़ती समस्याओं को देखते हुए, योग आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने आगे कहा, 'योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का एक तरीका है। आइए हम योग को अपने दैनिक जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने का संकल्प लें।

## नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नीट-यूजी में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग वाली नित नई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हो रही हैं और कोर्ट उन पर नोटिस जारी कर सभी मामलों को एक साथ आठ जुलाई को सुनवाई के लिए संलग्न करता जा रहा है।

**नीट-यूजी रद्द करने की मांग भी खारिज:** इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट में कुछ याचिकाएं सुनवाई के लिए लगीं थीं जिनमें नीट-यूजी रद्द करने की मुख्य मांग के साथ ही छह जुलाई को होने वाली काउंसलिंग को भी आगे बढ़ाने का अंतरिम आदेश मांगा गया था, लेकिन कोर्ट ने शुक्रवार को एक बार फिर काउंसलिंग पर रोक लगाने से मना कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर केंद्र और नेशलन टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया और इस मामले को भी अन्य मामलों के साथ संलग्न कर आठ जुलाई को सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने काउंसलिंग छह जुलाई से आगे बढ़ाने की मांग ठुकराते हुए मौखिक टिप्पणी में कहा कि काउंसलिंग कोई ऐसी चीज नहीं है जो शुरू हुई और बंद हो गई ये एक प्रक्रिया है।

## देहरा से मेरा पुश्तैनी रिश्ता, मैं देहरा का दामाद भी : मुख्यमंत्री




**टीम एक्शन इंडिया/देहरा।**
**देहरा:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर ने देहरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में शुक्रवार को अपना नामांकन भरा। इस दौरान कांग्रेस कोषाध्यक्ष व पूर्व उम्मीदवार डॉक्टर राजेश शर्मा भी उपस्थित रहे। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि तीन विधानसभा के उपचुनाव होने जा रहे हैं। देहरा के पूर्व विधायक से जनता को यह पूछना चाहिए कि आपने किसके दबाव में इस्तीफा दिया और उपचुनाव थोपा। पूर्व निर्दलीय विधायक का मैंने हर काम किया। देहरा अब मेरा है, मेरी धर्मपत्नी यहां से चुनाव लड़ रही हैं। देहरा नया इतिहास लिखेगा। देहरा में अभी शुरूआत है, यह अंत नहीं है। देहरा के बनखंडी में जब 680 करोड़ रुपये का जूलॉजिकल पार्क बनाने की घोषणा की थी, उस समय नहीं सोचा था कि यहां से चुनाव लडना है। इस जूलॉजिकल पार्क में 2000 युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी में 26 जून को कार्यक्रम कर 10000 महिलाओं के खाते में 1500 रुपये एरियर सहित डाले जाएंगे और देहरा के महिलाओं के पैसे चुनाव आचार संहिता के बाद मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने दो बार यहां से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को चुनकर भेजा। निर्दलीय किसी भी दल का साथ दे सकता है, उन पर कोई बाध्यता नहीं होता लेकिन देहरा के विधायक होशियार सिंह भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिके हैं। तीन-चार महीने पहले मेरे पास आए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे कि मेरा रिजॉर्ट है, उसके लिए वन भूमि से रास्ता दो। वह हर बार मेरे पास आकर पैसे की बातें करते थे।

**नामांकन**

**होशियार सिंह ने कमल खरीदा, बिका हुआ कमल नहीं खिलता कमलेश ठाकुर ने देहरा से भरा नामांकन**

## फिलहाल तिहाड़ में ही रहेंगे केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत दिए जाने के निचली अदालत के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कहा, "मैं दो-तीन दिन के लिए ऑर्डर रिजर्व रख रहा हूं। आदेश सुनाए जाने तक ट्रायल कोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट का कहना है कि वह दो-तीन दिन में ईडी की स्थगन अर्जी पर आदेश पारित कर देगी और तब तक ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक रहेगी। कोर्ट ने वकीलों को सोमवार तक लिखित दलीलें दाखिल करने की छूट दी है। आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के निर्णय को ईडी ने हाई कोर्ट की अवकाश पीठ के समक्ष चुनौती दी।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती मानवीय सहायता पहुंचा रही है: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन प्रभावित एंगा प्रांत में मानवीय सहायता और आपदा राहत सहायता पहुंचाने में भारत के साथ समन्वय करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग की सराहना की है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती इंडो-पैसिफिक में मानवीय सहायता पहुंचा रही है।

**जयशंकर ने किया पोस्ट:** जयशंकर ने एक्स पर साझा किए एक पोस्ट में कहा कि हमें खुशी है कि हम विदेश मंत्री सीनेटर वोंग के साथ समन्वय कर पाए। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पापुआ न्यू गिनी को आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए भागीदारों के साथ समन्वय कर रहा है।




**21 जून 2024**

मुख्य अतिथि
कर्नल (डॉ.)धनीराम शांडिल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री (हि.प्र.)
विशिष्ट अतिथि श्री रामकुमार चौधरी मुख्य संसदीय सचिव, हि.प्र. (शहरी नियोजन, उद्योग एवं राजस्व)

माता की पूजा....................प्रातः 11.00 बजे से
मुख्य अतिथि द्वारा कचहरी चौक पर माता की डोली का स्वागत दोपहर 2.00 बजे
शोभा यात्रा.................... दोपहर 2.30 बजे
खेल प्रतियोगिताएँ ( ठोडो ग्राऊड में )....................सायं 4.00 बजे
स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ....................सायं 4:00 बजे से
सांस्कृतिक संध्या.................... 8.00 बजे से 10.00 बजे रात्रि तक

**22 जून 2024**

मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार उपाध्यक्ष, हि.प्र. विधान सभा
विशिष्ट अतिथि श्री संजय अवस्थी मुख्य संसदीय सचिव, हि.प्र. (सूचना एवं जन सम्पर्क, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा लोक निर्माण)

फूलों की प्रदर्शनी.................... प्रातः 9:00 बजे
खेल प्रतियोगिता.................... प्रातः 11:00 बजे
पारंपरिक ठोडा नृत्य....................दोपहर 12:00 बजे
महिला एवं पुरूष पहलवानों की कुश्तियाँ.................... दोपहर 3:00 बजे
स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां .......... 4.00 बजे से 08.00 बजे तक
सांस्कृतिक संध्या....................8.00 बजे से 10.00 बजे तक

**23 जून 2024**

मुख्य अतिथि श्री मुकेश अग्निहोत्री उप–मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश
विशिष्ट अतिथि श्री विनोद सुल्तानपुरी विधायक, कसौली निवार्चन क्षेत्र

बेबी शो....................प्रातः 9:00 बजे
डॉग शो....................प्रातः 9:00 बजे
खेलों के अंतिम मुकाबले....................प्रातः 10:00 बजे
महिला एवं पुरूष पहलवानों की कुश्तियाँ....................दोपहर 3:00 बजे
स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ........ 4.00 बजे से 08.00 बजे तक
सांस्कृतिक संध्या .................... 08:00 बजे से 12.00 बजे रात्रि तक

उत्तराकांक्षी एवं विनीत : माँ शूलिनी मेला समिति, सोलन

# बदरी-केदार धाम में बही योग की गंगा, जवान व तीर्थ पुरोहित दिखे योग मुद्रा में



**बदरीनाथ/ केदारनाथ/ जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बदरी-केदारनाथ धाम में योग की गंगा बही। मंदिर समिति से लेकर सेना, आईटीबीपी, तीर्थ-पुरोहित के साथ तीर्थ यात्रियों में योग के रंग में रंगे दिखे। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने योग के शरीर और मन को स्वस्थ रखने व आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा की और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बदरीनाथ-केदारनाथ धाम सहित मंदिर समिति के नृसिंह मंदिर जोशीमठ, ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ सहित सभी अधीधस्थ मंदिरों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया।

इस अवसर पर सेना,आईटीबीपी, जिला प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग सहित, तीर्थ-पुरोहितों, तीर्थयात्रियों, स्थानीय लोगों और मंदिर समिति कर्मचारियों अधिकारियों ने बदरीनाथ एवं केदारनाथ मंदिर परिसर में योग क्रियाओं में भाग लेकर योगाभ्यास किया।

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने सभी तीर्थयात्रियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने अपने संदेश में कहा कि योग का दैनिक जीवन में विशेष महत्व है शरीर को स्वस्थ रखने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार की ओर से बदरीनाथ धाम रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के सानिध्य में बदरीनाथ मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित कर योग कार्यक्रम की शुरूआत की। श्री बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार के सामने मंदिर के बाह्य परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ।

योगाभ्यास में यात्रा मजिस्ट्रेट संदीप कुमार, प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान,वेदपाठी रविंद्र भट्ट, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, थाना प्रभारी नवनीत भंडारी, भूपेंद्र रावत, अवर अभियंता गिरीश रावत, विवेक थपलियाल, संतोष तिवारी, संदेश मेहता, अजय सती,अनसुया नौटियाल, अजीत भंडारी, योगंबर नेगी, अमित पंवार विकास सनवाल, दिनेश भट्ट, हरीश जोशी आदि शामिल हुए।

# हरिहर आश्रम के नाम पर ऑनलाइन कमरा बुकिंग करने वाले ठग सक्रिय

**ठगी**

**▶▶स्वामी अवधेशानंद गिरि की आचार्य पीठ हरिहर आश्रम के नाम पर ठग लोगों को शिकार बना रहे हैं**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की आचार्य पीठ हरिहर आश्रम के नाम पर ठग लोगों को शिकार बना रहे हैं। हरिहर आश्रम के नाम पर अब तक कई लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं लेकिन पुलिस ठगों का पता लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है।

जानकारी के मुताबिक हरिद्वार की उपनगरी कनखल में जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की हरिहर आश्रम के नाम से आचार्य पीठ आश्रम है। इस आश्रम के नाम से ठगों ने फर्जी वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन कमरे बुक कराने के नाम पर लोगों को ठगी कर रहे हैं। बीते रोज जयपुर राजस्थान निवासी एक महिला भी कमरा बुक करने के नाम पर ठगी का शिकार हो गई।

महिला ने ऑनलाइन हरिहर आश्रम में कमरा बुक कराया, जिसमें ठगों ने मोबाइल नम्बर 9111749155 पर ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा। महिला ने चार हजार रुपये ऑनलाइन अदा कर दिए। बाद में महिला को जब यह पता चला कि हरिहर आश्रम में किसी भी प्रकार से ऑनलाइन कमरों की बुकिंग नहीं होती है तो उसे ठगे जाने का एहसास हुआ।

आश्रम की ओर से भी इस संबंध में साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है लेकिन पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में विफल है।

## गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक किलो 160 ग्राम गांजा बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक रानीपुर पुलिस ने डबल पुल के पास चैकिंग के दौरान निखिल पुत्र रामू निवासी मौहल्ला रूदई निकट रऊजा अड्डा कोतवाली व जिला शाहजंहापुर (उप्र) को शक के आधार पर पकड़ लिया।

गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो 160 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# हरकी पौड़ी पर श्रद्धालुओं व योग साधकों ने योग की गंगा में डुबकी

**योग दिवस**

**▶▶ नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का उपहार है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन एवं जिला गंगा रक्षा समिति की तरफ योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आशीष भैय्या, विधायक मदन कौशिक व जिला अधिकारी धीराज सिंह गबर्याल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

हर की पैड़ी के मालवीय दीप पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रम में योग चैंपियन रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम कनखल की डायाचौंप विशिका ने विशिष्ट योग का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का उपहार है। विश्वभर के लोग अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में सम्मिलित होते हैं तो भारत का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ता है। मुख्य अतिथि डॉ आशीष गौतम ने कहा कि जिस तरह योग शरीर और मन के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार पोषण के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बाजरा जैसे सुपर फूड्स का उपयोग भी आवश्यक है, जिसे श्री अन्न के रूप में भी जाना जाता है।

जिले के राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल अधिकारी डॉ अवनीश उपाध्याय ने कहा कि दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योग के कारण वैश्विक समुदाय और हमारे जीवन में आये प्रभावों का उत्सव मनाने का है। योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग स्वस्थ भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को बल देगी। इस मौके पर जिलाधिकारी धीराज सिंह गबर्याल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम हरिद्वार में बड़ी धूमधाम के साथ अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव मना रहे हैं।

इस कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सचिव महाराज स्वामी दयामुत्यानंद, स्वामी जगदीश महाराज, प्रदेश स्तरीय गन्ना विकास समिति के उपाध्यक्ष श्याम वीर सैनी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनीष दत्त, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, योगाचार्य डॉ प्रदीप खेर, योगाचार्य रजनीश, योगाचार्या डॉ रूचिता उपाध्याय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दूसरी ओर हरिद्वार पुलिस ने पुलिस लाइन रोशनाबाद एवं जनपद के विभिन्न थाना, चौकियों में योग शिविर कार्यक्रम आयोजित कर योगाभ्यास किया गया। शिविरों में भारी संख्या में पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग कर योग आचार्यों, प्रशिक्षकों से योग करने का सही तरीका सीखा।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडटेक में भारत की ऊंची छलांग: मीसो-मेरिल का बेहतरीन नी रिप्लेसमेंट रोबॉट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मेरिल ने, नी रिप्लेसमेंट रोबॉट मीसो को लॉन्च करके भारत के मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में एक ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। यह रोबॉट मेड इन इंडिया है ये तकनीक रोबोटिक सर्जरी में एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है और मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में भारत की ताकत को दशार्ती है।

मीसो रोबॉट को अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके बनाया गया है और काम करने की क्षमता के हिसाब से डिजाइन का भी ध्यान रखा गया है, जिसके कारण ये अपने काम में बिल्कुल सटीक और कंसिस्ट है। एडवांस्ड टेक्नोलॉजी की वजह से यह रोबॉट ऑपरेशन की प्रक्रिया को आसान बनाता है जिससे रोगी को रिकवरी में कम समय लगता है।

मेरिल के हेड ऑफ मार्केटिंग, इंडिया एंड ग्लोबल मनीष देशमुख ने कहा कि मेरिल को मिसो की लॉन्चिंग करते हुए खुशी हो रही है। इसमें भारत में रोबोटिक तरीके से घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने की क्षमता है। पिछले 20-25 साल में ऑस्टियोआर्थराइटिस के प्रति संवेदनशील लोगों की संख्या करीब 2.3 करोड़ से बढ़कर 6.2 करोड़ पर पहुंच गई है। दिल से जुड़ी बीमारियों के बाद ये भारत में दूसरी सबसे बड़ी डिजीज मॉडेलिटी हो गई है। घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की वास्तविक आवश्यकता और घुटना प्रत्यारोपण के लिए होने वाली कुल सर्जरी के बीच के अंतर को पाटने में रोबोटिक सर्जरी से मदद मिल सकती है। वर्तमान समय में भारत में रोबोटिक सर्जरी की लागत बहुत बड़ी चुनौती है।

यहां के अस्पताल दूसरे देशों से रोबोटिक सिस्टम खरीदने के लिए निवेश करने में भी झिझकते हैं, क्योंकि इसके लिए सर्जन और ओटी स्टाफ का प्रशिक्षण भी जरूरी हो जाता है और इस पूरी प्रक्रिया में बड़ा समय लगता है। मिसो के माध्यम से हमारा लक्ष्य स्वदेशी प्लेटफॉर्म प्रदान करते हुए इस चुनौती का प्रभावी समाधान पेश करना है। इस टेक्नोलॉजी के साथ पूरा प्रशिक्षण एवं सपोर्ट भी प्रदान किया जाएगा। इससे रोबोटिक सर्जरी को केवल मेट्रो शहरों ही नहीं बल्कि टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में भी उपलब्ध कराना संभव होगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस लॉन्चिंग से जॉइंट रिप्लसमेंट सर्जरी और रोबोटिक्स के मामले में भारत में हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूती मिलेगी। हम इस एडवांस्ड रोबोटिक सिस्टम के निर्यात की संभावना पर भी काम कर रहे हैं, जिससे भारत दुनियाभर में रोबोटिक सर्जरी की उपलब्धता बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाने में सक्षम हो।

मीसो रोबॉट रियल टाइम डेटा को सर्जिकल प्लानिंग के साथ इंटीग्रेटेड करने की क्षमता रखता है। एडवांस्ड इमेजिंग और थ्रीडी मॉडलिंग के जरिए यह रोबॉट सर्जन्स को प्रीऑपरेटिव प्लानिंग और इंट्राऑपरेटिव प्लानिंग में मदद करता है। यह सुनिश्चित करता है कि हर एक सर्जरी को पूरी सटीकता के साथ अंजाम दिया जाए ताकि नी इम्पालंटेशन में, अलाइनमेंट और पोजिशनिंग बिल्कुल सही बैठे। मीसो की यही सटीकता बदले जाने वाले घुटने की ड्यूरेबिलिटी को बढ़ाएगा और ऑपरेशन के बाद जब रोगी चलने फिरने लगेगा तो उसे भी संतुष्टि होगी।

रोबॉटिक असिस्ट नी रिप्लेसमेंट में, मीसो जैसे रोबॉट ने जो बेहतरीन काम किया है वो ऑर्थोपेडिक सर्जरी के भविष्य की एक तस्वीर है। सर्जरी के बाद रोगियों की हालत में सुधार के लिए, उनकी सुरक्षा के लिए और ऑपरेटिंग रूम की कार्यकुशलता को बढाने के लिए यह बदलाव जरूरी है। घुटनों की परंपरागत सर्जरी की तुलना में रोबॉटिक नी सर्जरी काफी फायदेमंद है, इसमें ज्यादा चीरा नहीं लगता, ब्लड लॉस कम होता है और रोगी को उतना दर्द भी महसूस नहीं होता, जिसका सीधा मतलब यह है कि रोगी को ज्यादा परेशानी भी नहीं होती और वो बहुत जल्द एक सामान्य जीवन जीने लगता है।

मीसो के लॉन्च के साथ ही भारत में एडवांस्ड हेल्थकेयर का ऑप्शन भी मिल गया है जो ऐसी वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी पेश कर रहा है जो पहले सिर्फ पश्चिमी देशों के पास थी। मीसो की बदौलत देशभर के सर्जन पूरी तरह सटीक और एफिसिएंट नी सर्जरी कर सकते हैं, जिससे घुटनों की बीमारियों से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

मेरिल देश भर में स्किल्ड सर्जन्स की क्षमताओं को बढ़ा रही है और एडवांस्ड मेडिकल टेक्नोलॉजी तक ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच बने, इस पर ध्यान दे रही है।

भारत की मेडिकल टेक्नोलॉजी की यात्रा में मीसो का आना एक बेहतरीन कदम साबित होगा। यह सर्जिकल रोबॉटिक्स में की जा रही प्रगति का भी एक उदाहरण है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ऋषिकेश में योग की धूम



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग नगरी ऋषिकेश में भी विभिन्न स्थानों पर सरकारी व गैर सरकारी धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के साथ सभी शिक्षण संस्थाओं में योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इनमें मुख्य रूप से ऋषिकेश त्रिवेणी घाट में वैदिक ब्राह्मण महासभा की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, निवर्तमान महापौर अनीता ममगाई, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत व बापू ग्राम में क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रतिभाग किया।

त्रिवेणी घाट ऋषिकेश के आयोजित कार्यक्रम में मौके पर हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने क्षेत्रवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर योग को नई पहचान दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की दुनिया भर में मान्यता दिलवाने के लिए प्रयास किए, जिसके कारण आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्व भर में करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनता जा रहा है। इसके लिए पूरे विश्व को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताना चाहिए। इसी वजह से योग आज दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है, जो विश्व को भारतीय संस्कृति के साथ और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने का काम कर रहा है।

बापू ग्राम में आयोजित योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी मानवता को हमारे ऋषि-मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना के द्वारा हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है।

## समर कैम्प में बच्चों को कराया योगासन का अभ्यास

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान देहरादून शाखा की तरफ से चलाई जा रही एक त्रिदिवसीय मुहिम समर कैम्प-संस्कार शाला कार्यक्रम शुक्रवार को देहरादून स्थिति आश्रम पर सांय 4 से 6 बजे हुआ जिसमें बच्चों ने भाग लिया।

समर कैम्प में बच्चों को योगासन का अभ्यास कराया और जानकारी दी गई कि रानी लक्ष्मी बाई, श्री कृष्ण भक्त मीरां बाई, सरफरोसी की तमन्ना अब हमारे दिल में है भगतसिंह, तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा सुभाष चन्द्रबॉस जैसे क्रांतिकारियों की क्या भूमिका रही। हर युगों की टेक्नोलोजी के बारे में बच्चों को जानकारी दी और बताया

# मंत्री जोशी का वाहन टकराया, मंत्री सुरक्षित

**हादसा**

**▶▶जोशी का काफिला योग कार्यक्रम में जाने के दौरान राजपुर रोड स्थित एक वाहन में टकरा गया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी का काफिला शुक्रवार को योग कार्यक्रम में जाने के दौरान राजपुर रोड स्थित एक वाहन में टकरा गया। मंत्री जोशी चोटिल नहीं हुए लेकिन उनके वाहन को क्षति पहुंची है।

मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी मनोज जोशी ने बताया कि बहल चौक पर एक अज्ञात वाहन के आगे आने पर उसे बचाने के लिए लगाए गए इमरजेंसी ब्रेक के चलते हादसा हुआ।

उन्होंने बताया कि मंत्री पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। चिकित्सकों द्वारा मंत्री की गर्दन का एक्सरे करवाया गया और सभी प्रकार की जाँच ठीक होने के बाद चिकित्सकों ने सामान्य जांच के बाद घर भेज दिया।

# योग ऋषि-मुनियों का दुनिया के लिए बेहतर उपहारः विश्वेश्वरानंद

**योग समारोह**

**▶▶योग समारोह का शुभारम्भ गंगा तट पर मां सरस्वती व गणेश जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
10वां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस सिद्धपीठ श्री सूरत गिरि बंगला गिरिशानंद संन्यास आश्रम व स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन योसायटी अवधूत मण्डल आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर वेद विद्यालय के योग साधकों, आश्रम के संतों व सेवकों ने योगाभ्यास कर योग को बढ़ाने का संकल्प लिया। आश्रम के परमाध्यक्ष महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज की प्रेरणा से आयोजित योग समारोह का शुभारम्भ गंगा तट पर मां सरस्वती व गणेश जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

अपने संदेश में महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का उपहार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण आज योग का विश्व में डंका बजा है। भारतीय संस्कृति को अब पश्चिम के लोग तेजी के साथ अपना रहे हैं। उन्होंने कहाकि योग जोड़ता है और योग ने पूरे विश्व को एक करने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आज हमारी जीवन शैली और खानपान में परिवर्तन आया है, उसको देखते हुए प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के रूप में हमें स्वस्थ्य रहने का अनुपम उपहार दिया है। हम अपने ऋषियों-मुनियों के ऋण से उऋण नहीं हो सकते।

आश्रम के कोठारी स्वामी उमाकांतानंद गिरि महाराज ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आश्रमस्थ विद्यार्थी, संत-महात्मा, स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन योसायटी के सदस्य व भक्तजन मौजूद रहे।

# देवभूमि पर योग उत्सव का अद्भुत संगम, योग के महाकुंभ में लगाई डुबकी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देवभूमि पर योग की गंगा बही। योग गुरुओं ने योग के माध्यम से रोग भगाने के टिप्स दिए। आमजनों के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी योगाभ्यास कर 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को खास बनाया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राजधानी दून सहित प्रदेश भर के लोगों में उत्साह देखा गया। पहाड़ से लेकर मैदान तक देवभूमि योगमय हो गई। इस मौके पर मौसम ने भी पूरा साथ दिया। गढ़वाल और कुमाऊं के पर्वतीय जिलों के साथ ही मैदानी क्षेत्र में सुबह से पांच बजे से ही योग के लिए लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। साथ ही प्रदेश के समस्त जनपद मुख्यालयों में और 300 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग दिवस मनाया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एफआरआई में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव योग कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, बहुउद्देशीय भवन परेड ग्राउंड में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, स्थानीय विधायक खजाना दास सहित सैकड़ो लोगों ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज में आयोजित योग कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शिरकत की। परेड ग्राउंड में भाजपा की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, भाजपा संगठन मंत्री अजेय कुमार ने शिरकत की।

२अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम पार्वतीकुण्ड आदि कैलाश पिथौरागढ़ में हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योगाभ्यास के बाद सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- आदि योगी भगवान शिव की पवित्र भूमि आदि कैलाश पर योग का सुखद अनुभव। उत्तराखंड योग और ध्यान की प्राचीन पद्धति इतिहास समेटे हुए है। प्रदेश सरकार राज्य को अंतरराष्ट्रीय योग हब बनाने की दिशा में प्रयासरत है। उत्तराखंड की भूमि ऋषियों की कर्मभूमि रही है। स्वतंत्रता के बाद उसी धार्मिक भूमि के संतों ने विदेशों में योग फैलाना शुरू किया। भारतीय संस्कृति में योग जीवन को सरल व स्वस्थ बनाने की कला है। इसे पूरे विश्व ने अपनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में प्राचीनकाल से ही योग किया जा रहा है। योग भारतवंशियों की संस्कृति से जुड़ा हुआ है। शरीर को स्वस्थ रखने में योग काफी असरदार होता है। रोजाना योगाभ्यास से शरीर फिट रहता है। विश्व में योग को पहचान दिलाने में भारत का अहम योगदान है।

# योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परंपरा की पहचान हैः मंत्री

**योगा**

**▶▶ वित्त मंत्री डॉ प्रेम चंद अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने शासकीय आवास पर योग किया**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वित्त मंत्री डॉ प्रेम चंद अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को अपने शासकीय आवास पर योग किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना देशवासियों के लिये गर्व की बात है।

# विधानसभा में कांग्रेस मजबूत होगी तो जनता की आवाज बनेगी: हरीश रावत

**उपचुनाव**

**बदरीनाथ उपचुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला ने नामांकन किया।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**

बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला ने नामांकन किया। नामांकन के बाद चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य तिराहे पर जनसभा की।

जनसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि विधानसभा के अंदर यदि जनता की आवाज उठाने वाला कोई नहीं होगा तो जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है इसलिए जनता को चाहिए कि एक मजबूत विपक्ष के तौर पर बदरीनाथ विधानसभा से सशक्त आवाज को विधानसभा तक पहुंचाएं, ताकि उनकी समस्याओं को उठाया जा सके और समाधान हो।

हरीश रावत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में जनता ने भाजपा को नकारा है और कांग्रेस को एक मजबूत विपक्ष के तौर पर संसद में भेजा है। उन्होंने कहा कि आज नौजवान नौकरियों के लिए दर-दर भटक रहा है लेकिन सरकार नौकरियां देने में असफल रही है। जो पेपर हो भी रहे है वह भी लीक हो रहे है।

जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह समय ऐसे नेताओं को सबक सीखाने का है जो जनता को बीच मझधार में छोड़ कर पाला बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि जो नेता जनता के साथ विश्वासघात करे उसे कभी माफ नहीं किया जाना चाहिए।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भाजपा परिवारवाद की बात करती है उससे यह पूछा जाना चाहिए कि उनका जो प्रत्याशी इस चुनाव में खड़ा है उससे बड़ा परिवारवादी कौन हो सकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला ने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि वह उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। जनता के हर दुख सुख में उनके साथ खड़े मिलेंगे।

# राजभवन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**योगाभ्यास**

**राज्यपाल के सचिव ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया सहित राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

इस मौके पर राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। व्यस्तताओं से भरी अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करके हम स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के अलावा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। हम सभी को अपनी दैनिक जीवन शैली में योग को अपनाना चाहिए।



## संक्षिप्त खबरें

### टाटा पावर के सस्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश के साथ शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी के सस्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट (8850 मीटर) पर सफलतापूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरूआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद, बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया, जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की। भारत में अपने महीने भर के अभ्यास को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, वह नेपाल के काठमांडू के लिए रवाना हुईं। बलजीत ने सबसे पहले नेपाली खुंबू क्षेत्र में माउंट लाबुचे पूर्व (6119 मीटर) पर चढ़ाई की, जो अपनी तकनीकी कठिनाइयों के लिए जाना जाता है, इसके बाद टाटा पावर के वहनीय जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ माउंट एवरेस्ट की चोटी पर अंतिम चढ़ाई की।

बलजीत का खेल में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने 2023 में, भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन से पर्वतारोहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। बलजीत के नाम कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं, मसलन वह 8000 मीटर से अधिक ऊंची सात चोटियों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय हैं। वह माउंट एवरेस्ट, माउंट लोत्से और माउंट मनास्लू पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं, जिन पर उन्होंने साहस, संकल्प शक्ति और दृढ़ता दिखाते हुए बिना ऑक्सीजन के चढ़ाई की।

बलजीत की माउंट एवरेस्ट पर यह दूसरी चढ़ाई, इस बार स्वच्छ तथा पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व से जुड़े उनके विचार से प्रेरित थी।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने बलजीत को बधाई देते हुए कहा कि हमें बलजीत पर बेहद गर्व है कि उन्होंने सस्टेनेबल इज अटेनेबल के संदेश को माउंट एवरेस्ट तक सुरक्षित और सफलतापूर्वक पहुंचाया। बिजली क्षेत्र के हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर होने के मद्देनजर, बलजीत की रुपॉवरऑफकरेज (साहस की ताकत) और दृढ़ता की भावना ऐसे गुण हैं, जिन्हें हर व्यक्ति हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध होने के लिए अपना सकता है।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया की नई मूल्य प्रस्ताव की घोषणा की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

स्कोडा ऑटो इंडिया ने ब्रैंड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की अपनी पहलों को जारी रखते हुए, सीमित अवधि के लिए कुशाक और स्लाविया की नई कीमतों की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं की स्कोडा ऑटो इंडिया की उन गाड़ियों तक पहुंच बढ़ी है, जिन्हें 5 स्टार रेटिंग दी गई है और जो कार में बैठे वयस्कों और बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित हैं।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनबा ने कहा कि हम भारत में लगभग 25 सालों से है और इस मार्केट को लेकर हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। हम अपने प्रॉडक्ट में लगातार नए फीचर्स पेश करने के लिए तत्पर रहते हैं और इसी के अनुसार कदम उठाते हैं। हमने 2025 के लिए प्लासन की गई ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की है। इसलिए हमने यह सोचा है कि इस नई कार के साथ हम नए बाजारों में जाएंगे, युवा ग्राहकों तक पहुंच बनाएंगे और ब्रांड की पहुंच बढ़ाने की कोशिश करेंगे। नई कॉम्पैक्टप एसयूवी से हमारे लिए नए बाजारों के दरवाजे खुलेंगे। हमने कुशाक और स्लाविया में कुछ एफिशिएंसीज भी हासिल की हैं, और इसकी वजह से हमने अपनी गाड़ियों के मूल्यि को बढ़ाएं हैं और लाभों को उपभोक्ताओं एवं फैंस तक पहुंचाया है।

कुशाक और स्लाविया, जो पहले एक्टिव, एंबिशन, और स्टाइल वैरिएंट में उपलब्ध थे, अब उनका नाम बदलकर क्लासिक, सिग्नेचर और प्रेस्टीज कर दिया गया। इन तीनों वैरिएंट्स के अलावा कुशाक ओनिक्स को कारों के लाइनअप के वैल्यू  एंड और मोंटे कार्लो को प्रीमियम एंड पर पेश किया गया है।

# बीएचईएल हरिद्वार में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) हरिद्वार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बीएचईएल उपनगरी स्थित स्वर्ण जयंती उद्यान में, एक योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक टीएस मुरली थे। कार्यपालक निदेशक कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन तथा योग से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के तमाम देश योग के महत्व को समझते हुए उसे अपना रहे हैं।

# योग हमारे जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है : स्वामी रामदेव

**योग दिवस**

**योगा फॉर सेल्फ व सोसाइटी ही नहीं, योगा फॉर यूनिवर्स अर्थात युग के लिए योग है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

योगऋषि स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण के दिशा-निर्देशन में पतंजलि वेलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 स्थित योगभवन सभागार में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि योग व योगमूलक इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट सिस्टम से साध्य-असाध्य रोगों को रिवर्स किया जा सकता है। योगा फॉर सेल्फ व सोसाइटी ही नहीं, योगा फॉर यूनिवर्स अर्थात युग के लिए योग है।

स्वामी रामदेव ने कहा कि पूरे विश्व का मॉडर्न मेडिकल सिस्टम नहीं कर पाया, वो सनातन धर्म मूलक योग से एक संन्यासी ने पतंजलि के माध्यम से करके दिखा दिया है। योग व योगमूलक इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट सिस्टम से असाध्य माने जाने वाले लिवर, किडनी, लंग्स, हार्ट आदि के रोगों को भी रिवर्स किया जा सकता है अर्थात रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम, सहज योग, एडवांस योग, योगा इन डेली लाइफ के साथ जीवन को सार्थक बनाएं। योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है, हमारे जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है। योग आत्मानुशासन, आत्मदर्शन, आत्म उपचार तथा आत्म साक्षात्कार है। उद्योग, जीवन और जगत की सभी समस्याओं का समाधान योग में निहित है।

स्वामी रामदेव ने कहा कि पूरी दुनियां में वैचारिक, राजनैतिक, आर्थिक संघर्ष व चुनौतियों का समाधान भी योगयुक्त जीवन ही है। योग से मानसिक व वैचारिक परिवर्तन होकर व्यक्ति समस्या नहीं, समाधान का हिस्सा बन जाता है। यहां आज रीयल वर्ल्ड एविडेंस के रूप में सैकड़ों लोग उपस्थित हैं जिन्हें कैंसर, लीवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस, इंफर्टिलिटी, हार्ट ब्लॉकेज आदि असाध्य रोगों में लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास मात्र शारीरिक व्यायाम या आसन, प्राणायाम की विधियां मात्र नहीं है, अपितु जीवन दर्शन है, जिससे तन, मन, जीवन व जगत की सभी समस्याओं का समाधान संभव है।

उन्होंने कहा कि योग हमारे योगधर्म, ऋषिधर्म, वेदधर्म की गौरवशाली परम्परा है। योग पूरी मानवता व विश्व के लिए ऋषियों का श्रेष्ठतम उपहार है। योग से करोड़ों लोगों ने स्वयं को रोगमुक्त किया है व अनियमित जीवनशैली को त्यागकर योगमय जीवन पद्धति को अपनाया है। सभी योग साधकों का आह्वान करते हुए कहा कि मात्र एक दिन के लिए ही नहीं अपितु 365 दिन के लिए नियमित योग का व्रतध संकल्प लें। हम प्रतिदिन 10 से 20 मिनट तक प्रारंभ करके 1 घंटे तक योग करेंगे तो जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान होगा।

इस मौके पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि योग पूरे विश्व के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ वरदान है। योग को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों के जीवन में उतारने वाले स्वामीजी के सान्निध्य में हम योग महोत्सव मना रहे हैं।

# वाहनों की टक्कर में दो लोग घायल

**टक्कर**

**लक्सर की ओर से आ रहे छोटा हाथी वाहन को सुल्तानपुर कुनारी में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

सुल्तानपुर कुनारी में दो वाहनों की टक्कर में ड्राइवर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायलों को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन दोनों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।



जानकारी के अनुसार लक्सर की ओर से आ रहे छोटा हाथी वाहन को सुल्तानपुर कुनारी में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में छोटा हाथी वाहन का ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दोनों देहरादून जा रहे थे। इनमें से एक व्यक्ति की पहचान चंदन पुत्र कृपाल सिंह निवासी लाडपुर रायपुर देहरादून के रूप में हुई है।

दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल अनूप पोखरियाल और कांस्टेबल अरुण नेगी ने घायलों को 108 के माध्यम से जिला राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। भर्ती घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन को तलाश कर रही है। चौकी प्रभारी लोकपाल परमार बताया कि मोहम्मदपुर कुन्हारी में दो वाहन के टकराने की सूचना मिली थी, जिसमें दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए।

# अशोक सिंघल सेवा धाम वात्सल्य वाटिका में मनाया गया योग दिवस

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

अशोक सिंघल सेवा धाम वात्सल्य वाटिका के प्रांगण में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग का भव्य आयोजन किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आयोजन प्रारम्भ किया गया। प्रधानाचार्य उदयराज सिंह चौहान ने समस्त अतिथियों सहित सभी महानुभवों का स्वागत किया एवं सूक्ष्म परिचय कराया।

योगाचार्य प्रिया, ज्योति एवं अनिल नौटियाल ने योग कराकर योग का कार्यक्रम सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। उन्होंने कार्यक्रम में योग, आसन व प्राणायाम कराये।

# टाटा पावर के सस्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश के साथ पर्वतारोही बलजीत कौर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

**उपलब्धियां**

**बलजीत 8000 मीटर से अधिक ऊंची सात चोटियों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय हैं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी के सस्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट (8850 मीटर) पर सफलतापूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरूआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद, बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया, जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की। भारत में अपने महीने भर के अभ्यास को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, वह नेपाल के काठमांडू के लिए रवाना हुईं। बलजीत ने सबसे पहले नेपाली खुंबू क्षेत्र में माउंट लाबुचे पूर्व (6119 मीटर) पर चढ़ाई की, जो अपनी तकनीकी कठिनाइयों के लिए जाना जाता है, इसके बाद टाटा पावर के वहनीय जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ माउंट एवरेस्ट की चोटी पर अंतिम चढ़ाई की।

बलजीत का खेल में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने 2023 में, भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन से पर्वतारोहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। बलजीत के नाम कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं, मसलन वह 8000 मीटर से अधिक ऊंची सात चोटियों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय हैं। वह माउंट एवरेस्ट, माउंट लोत्से और माउंट मनास्लू पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं, जिन पर उन्होंने साहस, संकल्प शक्ति और दृढ़ता दिखाते हुए बिना ऑक्सीजन के चढ़ाई की।

बलजीत की माउंट एवरेस्ट पर यह दूसरी चढ़ाई, इस बार स्वच्छ तथा पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व से जुड़े उनके विचार से प्रेरित थी।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने बलजीत को बधाई देते हुए कहा कि हमें बलजीत पर बेहद गर्व है कि उन्होंने सस्टेनेबल इज अटेनेबल के संदेश को माउंट एवरेस्ट तक सुरक्षित और सफलतापूर्वक पहुंचाया। बिजली क्षेत्र के हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर होने के मद्देनजर, बलजीत की रुपॉवरऑफकरेज (साहस की ताकत) और दृढ़ता की भावना ऐसे गुण हैं, जिन्हें हर व्यक्ति हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध होने के लिए अपना सकता है।

# श्री देव सुमन विवि परिसर में योग के जरिये दिया गया संदेश

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

पंडित ललित मोहन शर्मा श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर, ऋषिकेश में नमामि गंगे प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय स्वच्छता गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विश्व योग दिवस पर गंगा किनारे त्रिवेणी घाट पर सामान्य योग प्रशिक्षण एवं स्वच्छता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने चार धाम यात्रा में आए तीर्थ यात्रियों को योग द्वारा स्वस्थ रहने का संदेश दिया ।




इस कार्यक्रम में श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने अपने संदेश में कहा कि योग न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक सेहत के लिए भी अच्छा होता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को रोगमुक्त बनाता है। तनाव भी दूर होता है। रक्त संचार और पाचन बेहतर होता है। हांलाकि, योग करते समय योगाभ्यास से जुड़े नियमों का पालन करना जरूरी है।

परिसर के प्राचार्य प्रो महावीर सिंह रावत ने कहा कि योग के महत्व को बताने के लिए और लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग हमें "एकता में बांधने का संदेश देता है। उन्होंने लोगों को इंस्टेंट फूड से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसी वस्तुएं शरीर के लिए हानिकारक साबित होती हैं। हमारे पूर्वजों ने हमें अच्छी खाद्य पद्धतियां दीं हैं। उसको अपने जीवन में हमें अपनाना चाहिए। नमामि गंगे प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार मेंदोला ने अपने संबोधन में कहा इस इस वर्ष 2024 में योग दिवस की थीम "महिला सशक्तीकरण के लिए योग" ( ड्ढ्ढ ड्ड१ हड्ढ्ढेल्ल ऐस्त्रड्ढ्डीशेल्ल३ ) है, जोकि महिलाओं पर आधारित है। इस थीम पर ही दुनिया भर में योग दिवस मनाया जाएगा।

छात्र-छात्राओं द्वारा योगाभ्यास के बाद त्रिवेणी घाट पर गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया । इसमें स्वयंसेवियों के अलावा तीर्थ यात्रा पर आए यात्रियों ने भी गंगा स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया और गंगा में कूड़ा ना डालने की शपथ ली।

# विस की दो सीटों पर उपचुनाव में साख बचाने को मैदान में भाजपा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव होना है। इसके मद्देनजर एक बार फिर चुनावी माहौल तैयार हो रहा है। हालांकि, यह चुनाव बद्रीनाथ और मंगलौर सीट पर होना है लेकिन पूरे प्रदेश की इन पर निगाहें टिकी हैं। सत्ताधारी दल भाजपा के लिए यह चुनाव सीट की नहीं, बल्कि साख का है।



दरअसल, ये दोनों ही सीटें रिक्त होने से पहले भाजपा के विरोधियों के पास रही है। इसलिए सीटें नहीं, बल्कि साख बचाने का सवाल उसके सामने खड़ा है। साख इसलिए क्योंकि कुछ दिन पहले ही उसने लोकसभा की पांचों की पांचों सीटों को लगातार तीसरी बार जीतकर रिकार्ड कायम किया है।

बद्रीनाथ सीट की बात करें तो लोकसभा चुनाव से ऐन पहले इस सीट के विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र भंडारी कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में आ गए थे। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को शिकस्त दी थी। अब वह भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। बद्रीनाथ विधानसभा सीट चमोली जिले के अंतर्गत आती है और गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। कांग्रेस ने लखपत बुटोला को प्रत्याशी बनाया है, जो कि राजेंद्र भंडारी के साथ कांग्रेस में जरूर रहे हैं लेकिन जिला पंचायत की राजनीति में वह उनके लिए एक प्रतिस्पर्धी के तौर पर रहे हैं।

दरअसल, भंडारी तो पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं और उनकी पत्नी रजनी भंडारी वर्तमान में इस पद पर आसीन है। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद जब-जब उनकी पत्नी को पद से हटाया गया है तब-तब जिला पंचायत उपाध्यक्ष लखपत बुटोला को ही अध्यक्ष की कुर्सी संभालने का मौका मिला है। इस वजह से दोनों बीच एक प्रतिद्वंद्विता हमेशा दिखाई दी है। अब चुनाव में दोनों आमने-सामने हैं।

दूसरी तरफ, मंगलौर सीट किसी के पाला बदल से रिक्त नहीं हुई, बल्कि बसपा विधायक सरबत करीम अंसारी के निधन के कारण यहां पर उपचुनाव की नौबत आई है। बसपा ने उनके बेटे उबैदुर्रहमान को टिकट दिया है जबकि इस सीट पर पिछला चुनाव बहुत कम वोटों से हारे कांग्रेस के तेजतर्रार नेता काजी निजामुद्दीन पर पार्टी ने भरोसा किया है। इस सीट का इतिहास खंगालें, तो बसपा या फिर कांग्रेस को जीत हासिल हुई है। भाजपा के लिए यहां पर जीत दर्ज करना हमेशा से टेढ़ी खीर रहा है। इस बार भाजपा ने यहां पर एक नया प्रयोग किया है। उत्तराखंड से बाहर के राज्यों से विधायक और सांसद रह चुके करतार सिंह भडाना को टिकट दिया गया है।

# चोरी की बाइक के साथ शख्स गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

जिले की झबरेडा थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक शख्स को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बेहेडकी सैदाबाद निवासी अर्जुन पुत्र सुरेन्द्र ने 19 जून को इकबालपुर झबरेडा से अपनी बाइक चोरी होने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

बाइक चोर की तलाश में जुटी पुलिस ने इकबालपुर से चोरी की बाइक के साथ आज एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपित का नाम व पता संदीप पुत्र जितेन्द्र निवासी गदरजुड्डा झबरेडा जिला हरिद्वार है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।



## संपादकीय

# योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान

**योग आश्चर्यजनक है।** इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी। मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे। मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं। मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया। सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे। मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही योगसूत्र नामक महान ग्रंथ लिखा है। भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है।

एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

# जाति के नाम पर दूसरों से कैसी श्रेष्ठता?

**– डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुँच, शिक्षा तक पहुँच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुँच, शिक्षा तक पहुँच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। दलितों के एक समूह पर गुजरात के ऊना में हमला किया गया था जब उन्होंने दलितों के लिए भूमि स्वामित्व की मांग के लिए आंदोलन में भाग लिया था। हाथरस में एक दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार को जाति आधारित हिंसा के रूप में प्रचारित किया गया। प्रत्येक जाति की स्थिति को न केवल जाति कानूनों द्वारा बल्कि सम्मेलनों द्वारा भी सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाता है"

**जाति व्यवस्था समाज की एक भयंकर विसंगति है जो** समय के साथ और अधिक प्रचलित होती गई। यह भारतीय संविधान में वर्णित सामाजिक न्याय की अवधारणा का प्रबल शत्रु है तथा समय-समय पर देश को आर्थिक, सामाजिक क्षति पहुँचाता है। निस्संदेह, सरकार के साथ-साथ आम आदमी, धर्मगुरुओं, राजनेताओं तथा नागरिक समाज की यह जिम्मेदारी है कि इस विसंगति को यथाशीघ्र दूर किया जाए। सामाजिक स्तरीकरण मुख्यतः जाति पर आधारित है। किसी जाति समूह की सदस्यता जन्म से प्राप्त होती है, जिसके आधार पर लोगों को अन्य जाति समूहों के सापेक्ष स्थान दिया जाता है। यह दशार्ता है कि विभिन्न जातियों को उनके व्यवसायों की शुद्धता और अशुद्धता के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। उदाहरण के लिए, निम्न जाति समूहों के पास कुओं तक पहुँच नहीं थी, उन्हें मंदिरों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था आदि। किसी विशेष जाति के सदस्यों को अपनी जाति में ही विवाह करना होता है। अंतरजातीय विवाह निषिद्ध हैं। यह सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा किसी समूह को मुख्यधारा से अलग करके बहिष्कृत करने की प्रथा है। जाति व्यवस्था और धर्म ने संकीर्णता की भावना को जन्म दिया और लोगों को अपनी जाति/धर्म के प्रति अनावश्यक रूप से सचेत कर दिया। समकालीन समाज में जातिगत भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से प्रचलित है क्योंकि भारतीय समाज वैदिक काल से ही इस सामाजिक बुराई का दंश झेल रहा है और संवैधानिक तथा कानूनी उपायों के बावजूद भी यह जारी है। किसी व्यक्ति की जाति उसके जन्म लेने वाले परिवार की जाति से निर्धारित होती है। यह आमतौर पर वंशानुगत होती है। किसी व्यक्ति की जाति अपरिवर्तनीय होती है, चाहे उसकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। किसी व्यक्ति को जन्म से ही किसी जाति की सदस्यता विरासत में मिलती है। यह बात सच है कि प्राचीन असमानताएँ और पूर्वाग्रह धीरे-धीरे बदलते हैं। सदियों से निचली जातियों का शोषण करने वाली उच्च जातियाँ आज भी उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से भेदभाव करती हैं। अपनी जाति को दूसरी जातियों से श्रेष्ठ समझने की भावना इसका मुख्य कारण है। लोगों की जाति की प्रतिष्ठा बढ़ाने की तीव्र इच्छा होती है। किसी विशेष जाति या उपजाति के सदस्यों में अपनी जाति के प्रति वफादारी विकसित करने की प्रवृत्ति



होती है। जातिगत सजातीय विवाह का अर्थ है एक ही जाति में विवाह करना। इसलिए जातिगत सजातीय विवाह जातिवाद की भावना के उद्भव के लिए जिम्मेदार है। अशिक्षा के कारण लोग धार्मिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों और अंधविश्वासों में विश्वास करते हैं। जाति धर्म के अभ्यास के कारण वे अपनी जाति में रुचि लेते हैं। इससे जाति भावना और जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। खास तौर पर ग्रामीण इलाकों में ऊंची जाति के लोग निचली जातियों से सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं। ग्रामीण गांवों में दलितों को हिंदू मंदिरों में जाने की मनाही है और ऊंची जाति के मोहल्लों में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं है। वे इसे विभिन्न प्रतिबंधों जैसे कि अंतरजातीय विवाह, अंतर-भोज आदि के माध्यम से बनाए रखते हैं। किसी व्यक्ति की विचारधारा उसके जातिगत मानदंडों और मूल्यों से जुड़ी होती है। इसने जातिवाद को जन्म दिया है। उच्च शिक्षा और सरकार में जातिगत आरक्षण ने एक ऐसी व्यवस्था को कायम रखने का काम किया है जो अन्यथा खत्म हो गई होती। कई बार जाति/साम्प्रदायिक हितों को राष्ट्रीय हितों से अधिक प्राथमिकता दी गई। इस प्रकार पूरी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता की अवधारणा के विरुद्ध खड़ी हो गई। लोकतंत्र मानव समानता की अपेक्षा करता है, लेकिन जाति व्यवस्था असमानता में विश्वास करती थी और इसमें पदानुक्रमिक व्यवस्था थी। आज जाति राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए एक विषय के रूप में प्रकट हुई है, जैसे शैक्षणिक कॉलेजों, सरकारी नौकरियों आदि में आरक्षण। सती प्रथा, बाल विवाह आदि जाति व्यवस्था का परिणाम थे। महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता था। यह पितृसत्तात्मक व्यवहार आज भी प्रचलित है। दलितों पर अत्याचार, निचली जाति की महिलाओं पर यौन उत्पीड़न आदि ऐसे भेदभाव और शोषण का परिणाम हैं जो बदले में भारतीय समाज में गहराई से जड़ जमाए हुए जाति और सांप्रदायिक पहचान का परिणाम हैं। हाथ से मैला ढोना अंततः एक जाति-आधारित व्यवसाय बन गया, जिसमें बाल्टी वाले शौचालयों या गड्ढे वाले शौचालयों से अनुपचारित मानव मल को हटाना शामिल है। इसे मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 द्वारा आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुँच, शिक्षा तक पहुँच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुँच, शिक्षा तक पहुँच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। दलितों के एक समूह पर गुजरात के ऊना में हमला किया गया था जब उन्होंने दलितों के लिए भूमि स्वामित्व की मांग के लिए आंदोलन में भाग लिया था। हाथरस में एक दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार को जाति आधारित हिंसा के रूप में प्रचारित किया गया। प्रत्येक जाति की स्थिति को न केवल जाति कानूनों द्वारा बल्कि सम्मेलनों द्वारा भी सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाता है। इन्हें समुदाय द्वारा जाति पंचायत नामक एक शासी निकाय या बोर्ड के माध्यम से खुले तौर पर लागू किया जाता है। उच्च जातियों ने अनुष्ठान, आध्यात्मिक और नस्लीय शुद्धता का दावा किया, जिसे उन्होंने प्रदूषण की धारणा के माध्यम से निचली जातियों को दूर रखकर बनाए रखा। प्रदूषण का अर्थ है कि निम्न जाति के व्यक्ति का स्पर्श उच्च जाति के व्यक्ति को प्रदूषित या अपवित्र कर देगा। भोजन और पेय पर प्रतिबंधः आमतौर पर एक जाति प्रदूषित होने की धारणा के कारण सामाजिक स्तर पर खुद से नीचे की किसी अन्य जाति से पका हुआ भोजन स्वीकार नहीं करती है। जाति व्यवस्था आर्थिक और बौद्धिक उन्नति पर रोक है और सामाजिक सुधारों के रास्ते में एक बड़ी बाधा है। यह श्रम की दक्षता को कमजोर करती है और श्रम, पूंजी और उत्पादक प्रयास की पूर्ण गतिशीलता को रोकती है। यह आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक रूप से निम्न जातियों, विशेष रूप से अछूतों के शोषण को कायम रखती है। बाल-विवाह, विधवा-पुनर्विवाह पर प्रतिबंध, महिलाओं के अलगाव जैसी प्रथाओं पर जोर देकर महिलाओं पर अनगिनत कठिनाइयाँ डाली गईं। राजनीति, नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण, अंतजार्तीय विवाह आदि में जातिगत संघर्ष व्यापक रूप से प्रचलित हैं। आर्थिक नियतिवाद के लिए भावनात्मक और बौद्धिक अपील, जैसा कि कार्ल मार्क्स ने नैतिकता, जातिवाद के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बहस, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली के माध्यम से जागरूकता, अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना जैसा कि भारत के कुछ हिस्सों में एससी एसटी महिलाओं से शादी करने के लिए पहले से ही किया जाता है। मानवाधिकारों की कसौटी पर मौजूदा रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों आदि का मूल्यांकन करें। यहां न्यायपालिका एक सकारात्मक भूमिका निभा सकती है, लेकिन धार्मिक भावनाओं का उचित सम्मान करते हुए। मानवाधिकारों की सुरक्षा, एससी एसटी के खिलाफ अत्याचारों की रोकथाम आदि जैसे कानूनों और समझौतों को पूरी तरह से लागू करें। दलित पूंजीवाद, खाप आदि जैसे न्यायेतर निकायों पर लगाम लगाकर शिक्षा और भूमि और पूंजी के स्वामित्व के माध्यम से दलितों का आर्थिक सशक्तिकरण करने की दिशा में कदम उठाये।

## कविता

दोस्ती

दोस्ती का एक
नया रिश्ता बनाएँगे।
महबूब से ज्यादा
आपको चाहेंगे।
जिस्मों के बाजार में
आपकी रूह से
रिश्ता बनाएँगे।
रूठ गया
अगर वक्त तो
उसको भी
आपके लिए मनाएंगे।
छोड़ जाएगा जब
आपके अपने
तो भी हम
दिल से रिश्ता निभाएगे।

डॉ.राजीव डोगरा

## कबीर असाधारण हैं, विलक्षण हैं

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**कबीर पढ़ना, कबीर समझना और कबीर हो जाना**
**कबीर को माने पर कबीर की भी माने**
**कबीर की जीना सर्वोत्तम है**
**कबीर असाधारण हैं, विलक्षण हैं**

**अलबत्ता** तो जिसका भी दिवस होता है,उसे बेचारा माना जाना चाहिए?कोई भी दिवस मनाना,जयंती मनाना प्रतीकात्मक होता है ताकि कुछ क्रियात्मक किया जा सके।मतलब यह है कि जयंती इसलिए मनाई जाती है कि जिनकी जयंती मना रहे हैं,उनसे प्रेरणा ले सकें और न केवल खुद के जीवन को सुधारने के लिए बल्कि समाज और राष्ट्र को बेहतर बनाने के लिए भी।और यहाँ याद रखिए कि यदि कुछ क्रियात्मक नहीं होता है तो फिर दिवस का मनाना,जयंती का मनाना, ना मनाने के बराबर हो जाता है मसलन यह एक तरह की औपचारिकता भर होता है।हद तो तब हो जाती है जब चंद लोग/समूह जयंती के बहाने समाज का दुरुपयोग करते हैं और अपने निजी हित साधने का घिनौना कार्य करते हैं।खुद को इसका/उसका अनुयायी होने का ढोंग करते हैं।इस तरह का कार्य समर्पण नहीं बल्कि नीचता कहलाता है।जिस संत शिरोमणि साहब कबीर ने ढोंग का पदार्फाश किया,उन्हीं के नाम पर ढोंग ठीक नहीं है।कबीर तो लाजबाब हैं,कबीर जैसा कोई दूसरा ना हुआ है और सम्भवतः ना होगा।।पहली बात ध्यान से समझ लीजिए कि कबीर होना ईश्वरत्व को पाना है।कबीर होना सम्पूर्ण मानवता होना है।कबीर होना हर तरह के वैर भाव से तिरोहित हो जाना है।कबीर होना नफरत का समूल नाश है।कबीर होना निखालिस प्रेम है।कबीर होना भक्ति की पराकाष्ठा है जहाँ भक्त को भगवान की नहीं बल्कि खुद भगवान को भक्त की जरूरत महसूस होती है तभी तो स्वयं भगवान कबीर के पीछे-पीछे चलते हैं।कबीर होना अपने आप में अनूठा है,विलक्षण है।कबीर को पढ़ना अलग बात है और कबीर को समझना अलग बात और कबीर हो जाना अलग बात है।कबीर को जीना सर्वोत्तम बात है क्योंकि कबीर हर व्यक्ति के लिए आशा के द्वार खोलते हैं।कबीर जैसा सीधा,साधारण व्यक्ति खोजना बड़ा मुश्किल है और कबीर जैसा विद्वान खोजना भी बेहद कठिन है।सरल इतने कि खुद सरलता शरमा जाए और बौद्धिक इतने कि बड़े-बड़े प्रकांड विद्वान लज्जित हो जाएं।अब सवाल यह है कि इतना साधारण व्यक्ति ईश्वर तक पहुँच सकता है,तो निसंदेह हर कोई पहुँच सकता हैं।कबीर ने प्रमाणित किया कि सत्य को जानने के लिए,सत्य को जीने के लिए पढ़ा-लिखा होने की जरूरत नहीं है।किसी धर्म विशेष का होने की जरूरत नहीं है।किसी जाति विशेष में पैदा होने की जरूरत नहीं है।सब कुछ त्याग करने की जरूरत नहीं है बल्कि सब कुछ के अंदर रहकर ईश्वर को न केवल पाया जा सकता है बल्कि ईश्वर ही हुआ जा सकता है।और मजे की बात है कि सत्य का ज्ञान पाने के लिए अमीरी की भी जरूरत नहीं है और फकीरी की भी जरूरत नहीं है।जरूरत है बस तमाम तरह के उहापोह से ऊपर उठने की,जो बोझ हमने ज्ञान,धर्म,जाति,अहम,ओहदे,रंग,नस्ल का लाद रखा है,उसे उतार फेंकने की और एकदम निरोल,निष्पक्ष,निरपेक्ष,निर्विकार भाव से लबरेज होने की जो इस अवस्था तक पहुँच जाए कि ना काहुँ से दोस्ती,ना काहुँ से बैर,सबकी मांगे खैर।हमन है इश्क मस्ताना हमन को होशियारी क्या,रहें आजाद या जग में, हमन दुनिया से यारी क्या,जो बिछड़े हैं पियारे से भटकते दर-ब-दर फिरते,हमारा यार है हममें, हमन को इंतजारी क्या।आइए!दिखावटी बातों से ऊपर उठकर अगर हम चाहते हैं कि संत सर्व समाज के होते हैं और मानवता के होते हैं,तो संतों की जयंतियाँ तो मनाएं ही मगर संतों की बातें मानना भी शुरू मार दें,तो सोने से सुहागा होगा। आमीन। जय कबीर।

## विचार

# "सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर"

**डॉ. अशोक कुमार भार्गव,पूर्व आईएएस**

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने मसी और कागद न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई।

संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफगान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर सूप का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के थोथे तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई कहकर समाज को एक नई दिशा दी। कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# राजधानी में जल संकट के सीन

**--रामविलास जांगिड़**

राजधानी में जल संकट पूरी दुनिया का मनोरंजन है। न्यूज चैनल वेब सीरीज चलाने लग गए हैं। आईए देखें कुछ सीन।

**सीन 1- नहाना स्विमिंग पूल में और लेना मीटिंग पुलिस की।**

सभी पुलिस अधिकारी अपने निजी स्विमिंग पूल में नहा कर आए हैं। जल संकट संबंधी चुटकुले सुना रहे हैं। बैठकें कॉमेडी फिल्म से कम नहीं है। हाथों-हाथ जल चोर पकड़ रहे हैं। समोसे, बर्फी और पानी की बोतलों के बीच, पानी की कमी पर इतनी लंबी चर्चा हो रही है कि बातों से पानी निकलकर बाढ़ में बदल गया है। मीटिंग के बाद सभी पुलिस कर्मी फिर से स्विमिंग पूलों में नहाने चले गए हैं।

**सीन 2- होना दर्ज शिकायत का और मिलना पानी कंप्यूटर से।**

शिकायत दर्ज कराने के लिए सब लाइनों में लगे हैं। जब बारी आती है, तो लगता है जैसे किसी रियलिटी शो का ग्रैंड फिनाले जीत गए हों- कौन बनेगा पानीपति! ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना किसी एडवेंचर से कम नहीं है। वेबसाइट पर जाते ही ऐसा लगता है जैसे जंगलों में रास्ता ढूंढ़ रहे हों। जब कभी शिकायत दर्ज हो जाती है, तो कंप्यूटर के मॉनिटर से ही पानी का बंबा फूटने लगता है।

**सीन 3- करना रात्रि जागरण और चलना पानी मोटर का।**

राजधानी में पानी की मोटर चलाना किसी चक्रव्यूह से कम नहीं है। इसके लिए रात-भर पानी के भजन करने पड़ते हैं। पानी प्रेशर ऐसा कि जैसे मरा मुर्दा बूंद-बूंद चुटकुले सुना रहा हो। रात की मेहनत के बाद भी बाल्टी में इतना पानी आता है कि घर के सभी सदस्यों के छींटे लगा सकते हैं। घर के काम तो जैसे किसी और ग्रह की बात हो गई है। सुबह का नाश्ता बनाते समय आंखें बंद होती हैं और चाय में चीनी की जगह नमक डालने की प्रथा हो गई है। लोग रात में टॉर्च लेकर ऐसे निकलते हैं जैसे किसी राजा का गड़ा धन ढूंढ़ रहे हैं।

**सीन 4.आना जल बोर्ड टैंकर का और मचना भभ्भड़।**

जल बोर्ड टैंकर इंतजार में पूरा मोहल्ला रात से ही लाइनों में भभ्भड़ मचा रहा है। प्रेमी-प्रेमिकाएं रोज प्रार्थना करते हैं कि ऐसी लाइनें उम्र भर लगी रहे। इन लाइनों में खड़े-खड़े लोगों के रिश्ते होते हैं। बच्चे पैदा होते हैं और तीये की बैठक भी यहीं हो जाती है। महिलाओं के लिए ये लाइनें सोशल क्लब से ज्यादा है। यहीं चुटकुलों का ऐसा दौर चलता है कि पानी भरने के बाद भी वे वहीं खड़ी रहती हैं। आधा दिन पानी का इंतजाम करने और बाकी आधा दिन उस पर चर्चा करने में ही निकलता है।

## क्रिकेट का सट्टा युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

**नरेंद्र तिवारी**

**सरकार** मानव के उत्थान के लिए कार्य करती है। सरकार को सामाजिक विकास के साथ मानवीय उत्थान की गति भी बढ़ाना चाहिए। हरदम आदर्श समाज की स्थापना का प्रयास करते रहना चाहिए। भारत जैसे देश में जहां मानवीय मूल्य और गरिमा का बहुत अधिक महत्व है। वहां प्रजातांत्रिक सरकार का दायित्व है की वह नागरिकों के लिए मूल्य युक्त समाज और आदर्श समाज की स्थापना के प्रयास करें सिर्फ प्रयास ही नहीं करें उन्हें मूर्तरूप भी प्रदान करें। यह देखकर बढ़ा अंचम्भा होता है की जिस सरकार को आदर्श समाज की स्थापना का कार्य करना चाहिए, वह क्रिकेट जैसे खेल को जुएं में परिणित कर समाज में खुले आम सट्टे की प्रवृति को बढ़ा रही है। एक और पुलिस एवं सरकार की आंखों में धूल झोंककर अपराधी वर्ग आनलाइन सट्टे का खेल खिला रहा है। उज्जैन में पकड़ाया करोड़ों का आनलाइन सट्टा इसी प्रकार के अपराधियों की करतूत है। यह सच है की क्रिकेट एक जेंटलमैन खेल है। यह खेल दो टीम मैदान में खेलती है। क्रिकेट शारारीक प्रदर्शन की मांग करता है। यह मनुष्य को खिलाड़ी भावना, एक दूसरे के सम्मान तथा अंपायर के निर्णय को सर्वमान्य मानने की सीख भी देता है। क्रिकेट के मैच में दो टीम खेलेगी तो एक टीम जीतेगी दूसरी की हार होगी। जब क्रिकेट का मैच दो देशों की टीमों के मध्य होता है, तब नागरिकों की भावनाएं अपने देश के प्रति होती है। हार जीत का देश के नागरिकों पर भावनात्मक असर होता है। किंतु क्रिकेट के विषय में यह बात अब पुरानी हो गई है। जितना मैच और खेल मैदान में नही होता उससे अधिक सट्टा मोबाइलों की स्क्रीन पर चलता है। आनलाइन सट्टे के कारोबार से जुड़े कारोबारियों और क्रिकेट के सट्टे में रुचि लेने वाले सट्टेबाजों के मन मतिष्क में चलता है। एक एक गेंद पर सट्टा लगता है। क्रिकेट के सट्टे में आनलाइन तकनीकी का उपयोग होता है।

मोबाइल के एप इस खेल में रुचि रखने वालो को एक गेंद पूर्व की स्थिति से अवगत कराते है। याने आप जो मैच टीवी पर देख रहे है। उसका हाल सट्टेबाजो को अपने एप के सहारे आपसे दो गेंद पहले पता चल जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### पिता के साथ घुमने आई लड़की को मोटरसाईकिल चालक ने मारी टक्कर, मामला दर्ज

**गन्नौर। घसौली से** बेगा रोड पर अपने पिता के साथ सुबह घुमने आई लड़की को तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाईकिल चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। लड़की के पिता ने अज्ञात मोटरसाईकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया और उसकी तलाश की। पुलिस को दी शिकायत में बेगा निवासी नरेश ने बताया कि 19 जून की सुबह अपनी बेटी राखी उर्फ गुंजन को सुबह घूमाने के लिए घसौली गांव की तरफ लेकर गया था। मेरी बेटी मेरे से आगे चलते हुए दौड़ लगा रही थी। उसके पीछे में मोटरसाईकिल पर चल रहा था। जब हम गांव घसौली से वापिस गांव बेगा की तरफ चल पड़े तो घसौली की तरफ से एक मोटरसाईकिल चालक तेज रफ्तार गति से चलाते हुए आया और उसने बेटी गुंजन को पीछे से टक्कर मारी और मौका देखकर भाग गया। शिकायत में बताया कि उसके बाद बेटी को उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में लेकर आया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए मेडीकल कालेज खानपुर में रैफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर मोटरसाईकिल चालक की तलाश शुरू कर दी।

### रामनगर में रास्ता पूछने के बहाने गाड़ी चालक ने बुजुर्ग महिला की सोने की बाली समोहित कर निकाली, मामला दर्ज

**गन्नौर। गांव रामनगर में** बधवार गैस एंजेसी के पास काले रंग की गाड़ी में सवार युवक ने रास्ता पूछने के बाहन समोहित कर बुजुर्ग महिला की कानों से सोने की बालियां निकाल ली और मौका देखकर फरार हो गया। महिला ने घटना की सूचना बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस में अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में बुजुर्ग महिला बसंती देवी रामनगर निवासी ने बताया कि वह अपने खेत से वापिस अपने घर की तरफ आ रही थी। जब वह बधवार गैस ऐजंसी के पास पहुँची तो मेरी पीछे से एक काले रंग की कार मेरे पास आकर रूकी, कार में दो युवक सवार थे। उनमें से एक युवक उतरकर मेरे पास आया और रास्ता पूछने लगा और दूसरा आदमी गाड़ी मे बैठा रहा। उस आदमी ने बातो ही बातो मे मुझे समोहित कर लिया और मेरे कान के सोने के बाले निकाल लिए। उसके बाद दोनो गाड़ी मे बैठकर भाग गए। महिला ने घटना की सूचना घर जाकर परिजनों को दी। परिजन उसे पुलिस स्टेशन में लेकर गए। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बैंक में फाईनेंस डयूटी कर्मचारी की एजेंसी के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर। रेलवे रोड** पर वीरवार को मारूति कार एजेंसी के बाहर खड़ी बैंक के फाईनेंस डयूटी कर्मचारी की मोटरसाईकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत मोटरसाईकिल चालक ने पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में घसौली गांव के अंकित त्यागी ने बताया कि वह एक प्राईवेट बैंक में फाईनेंस का काम देखता है। रेलवे रोड पर मारूति कार की एजेंसी में अपनी मोटरसाईकिल को खड़ी करके अन्दर गया था, जब बाहर आया तो मोटरसाईकिल गायब मिली। शिकायत में बताया कि मोटरसाईकिल की आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नही लगा। उसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नियमित रुप से योग को अपनाकर स्वयं को रखा जा सकता है स्वस्थ: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जीवन में अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए योग की बेहद आवश्यकता है। नियमित रुप से योग करके हम अपने आपको अनावश्यक बीमारियों से बचा सकते है, 21 जून को पूरे विश्व में योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने का काम किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में भी योग को मनाने का काम करते हुए आम जनमानस को योग से जोड़ने का काम किया जा रहा है। हरियाणा के प्रत्येक गांव में जन-जन तक योग पहुंचे, इसके लिए निरंतरता में कार्य किए जा रहे है।शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार



को जिला प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वाधान में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर नई अनाज मंडी थानेसर में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान, अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा व नगराधीश डा. रमन गुप्ता दीपशिखा करके किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर एडीसी, नगराधीश व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सुदेश जाटियान ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्रीनगर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हिसार से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने योग दिवस पर आमजन को शुंभ संदेश देते हुए योग से जुड? बारे प्रेरित करने का काम किया। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि योग जीवन का सार बन चुका है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनेनो में 170 देशों के साथ योग मनाने का प्रस्ताव रखा था और उसके बाद लगातार पूरे विश्व में योग को मनाने का काम किया जा रहा है। हरियाणा में भी वर्ष 2015 के बाद लगातार योग को मनाने का काम किया जा रहा है। योग को हमें पर्व के रुप में मनाना चाहिए और अपने जीवन के अंदर योग को ओर गति से जोड़ना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा पहले 1121 स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां पर व्यायामशालाएं खोलने का काम किया गया है। इसके साथ-साथ योग प्रशिक्षकों की भर्ती भी की गई है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह की अगुवाई में आगामी 60 दिनों के अंदर 100 स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां पर व्यायामशालाएं खोलने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में 100 एक-ड़ में आयुष विश्वविद्यालय बनाने का काम किया जा रहा है। पिछले दिनों करनाल में उन्होंने योग से जुड़े एक कार्यक्रम में भाग लिया। नियमित रूप से लोग योग से जुड़े इसके लिए कुरुक्षेत्र में भी करनाल की तर्ज पर कार्य किया जाएगा ताकि लोग यहां पर भी नियमित रुप से योग करते हुए अपने आपको स्वस्थ रख सके। सरकार का ध्येय है कि योग गांव-गांव में पहुंचे और आमजन में योग की महत्वता बढ़े, इसके लिए कार्य किए जा रहे है। उन्होंने इस मौके पर जिलास्तरीय कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों, विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ अन्य लोगों की भारी सहभागिता होने तथा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर सभी को बधाई दी। योग प्रोटोकॉल के तहत शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा व अन्य योग से जुड़ी विभिन्न क्रियाएं भी की। इस मौके पर पतंजलि योग समिति से पाला राम व भारत योग संस्थान से ओमप्रकाश ने योग की विभिन्न क्रियाएं करवाते हुए योग की महत्वता बारे उपस्थित सभी को जागरुक करने का काम किया। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया। जिलास्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त व नगराधीश ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया तथा मुख्यातिथि सुभाष सुधा ने मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह उनको प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने डा. मनीष कुकरेजा, योग संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों, नेहरु युवा केंद्र व अर्जुन अवार्डी राजेंद्र कुमार को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुदेश जाटियान, डीआईपीआरओ धर्मेंद कुमार, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, सौरभ चौधरी, मनजीत, मनोज चौहान, डॉ. कुलवंत, डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. जागीर सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## पाइट में मनाया योग दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा : यहां पाइट कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस मनाया गया चेयरमैन हरिओम तायल ने सरस्?वती पूजन के साथ योग दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमें रोजाना योग करना चाहिए। योग करने से मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं। भारत ने पूरी दुनिया को दिशा दिखाई है। आज पूरी दुनिया योग कर रही है। अपने बच्चों को योग कराना सिखाएं। योग शिक्षक रवींद्र नांदल व राजेश गोयल ने योगासनों के बारे में बताया। प्राणायाम व योग मुद्राओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर खेल अधिकारी डॉ. बजरंग राणा, चीफ वार्डन डॉ. अंकुर सभ्रवाल, डॉ. देवेंद्र प्रसाद व कॉलेज हॉस्टल के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## मनाली एडवेंचर कैंप के लिए बस को झंडी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के तत्वाधान में व जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र के कुशल नेतृत्व में कुरुक्षेत्र जिले के 50 लड़के व 50 लड़कियां व 04 एसकार्ट टीचर को सहायक परियोजना आधिकारी ,राजेश भारद्वाज व जिला संयोजक यूथ एंड इको क्लब नरेश कुमार शर्मा ने मनाली एडवेंचर कैंप के लिए नये बस स्टैंड कुरूक्षेत्र से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला संयोजक श्री नरेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि यूथ एंड इको क्लब को जिले के 116 स्कूलों में स्थापित हुए अभी दूसरा वर्ष हुआ है और मनाली की प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति के अध्ययन हेतु जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से विद्यार्थियों का



इस वर्ष का यह पहला बैच है ।गत वर्ष भी जिले से 200 बच्चों के तीन बैच मनाली एडवेंचर कैंप में भाग ले चुके हैं। इस कैंप में बच्चे माउंटेन ट्रैकिंग, प्राकृतिक वनस्पति का अध्ययन, लोक नृत्य, रागिनी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, रिपोर्ट लेखन, आसपास के स्थानीय क्षेत्र का भ्रमण करेंगे व अध्ययन करेंगे तथा उनके बारे में जानेंगे। जिला कुरुक्षेत्र की यूथ एंड इको क्लब की टीम ने एसोसिएट कंसलटेंट यूथ एंड इको क्लब,हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद,पंचकूला श्री राम कुमार जी का कोटि-कोटि धन्यवाद दिया क्योंकि यह उनका विजन है जिसके कारण आज समस्त जिला कुरुक्षेत्र की सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं निःशुल्क मनाली तक घूमने के लिए गये है ।राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला गुजरान व कमौदा से गुरमीत कौर व सीमा रानी तथा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन से विकास शर्मा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुर्तजापुर से सुल्तान सिंह एस्कार्ट टीचर बच्चों के साथ गये है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के टीचर व बच्चों के माता -पिता व अभिभावक मौजूद रहे।

**एडवेंचर**

**इस वर्ष का यह पहला बैच है । गत वर्ष भी जिले से 200 बच्चों के तीन बैच मनाली एडवेंचर कैंप में भाग ले चुके हैं**

## यज्ञ, हवन लोक जीवन में सुख शांति का प्रतीक: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यज्ञ, हवन लोक जीवन में सुख शांति का प्रतीक है। वेदों में कहा गया हैं कि घर की सुख शांति, स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना के लिए हवन करना हिन्दू धर्म में प्रमुख कर्म माना जाता हैं । हवन की अग्नि से आपके आसपास की नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव कम होता है और जीवन में खुशहाली आती है। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिवार की सुख, शान्ति और समृद्धि के लिए हवन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा राज्य की सबसे पुरानी व हरियाणा प्रदेश की पहली ए-प्लस-प्लस ग्रेड यूनिवर्सिटी है जहां 49 विभागों में 200 से अधिक शैक्षणिक प्रोग्राम पढ़ाए जा रहे हैं। देश में सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने सभी प्रावधानों के साथ एनईपी-2020 को लागू किया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि खेल के क्षेत्र में प्रख्यात माका ट्रॉफी में केयू ने लगातार दूसरे वर्ष तीसरा स्थान व 37वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राजकीय विश्वविद्यालयों में प्रथम व ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त कर



गौरवान्वित किया है। विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने के लिए पेंटेट दर्ज करने के लिए इको सिस्टम विकसित किया गया है। शोध के क्षेत्र में केयू ने 60 से ज्यादा पेटेंट दर्ज किए हैं व 30 प्रकाशित भी किए जा चुके हैं। कुवि में शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आज विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय परिवार की सुख, समृद्धि व शांति के लिए हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. मंजुला चौधरी, आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा, डॉ. लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, महिला छात्रावास की मुख्य वार्डन प्रो. कुसुम लता, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. जोगिन्द्र सिंह, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. आनंद कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, ओएसडी पवन रोहिल्ला, उप-कुलसचिव डॉ. दीपक शर्मा, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर सहित शिक्षक, कर्मचारी मौजूद थे।

**खुशहाली**

**कुवि में शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं**

## पीसीसी अकैडमी में एक सेमिनार का किया गया आयोजन



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पीसीसी अकैडमी में एक** सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अपने उच्च स्तर की शिक्षा लेने के लिए विदेश जाने को लेकर था। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक डॉ राजीव परुथी ने कहा आजकल हमारे हरियाणा के युवा ज्यादातर उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जा रहे हैं। उचित जानकारी न होने की वजह से वह किसी न किसी एजेंट के चक्कर में फंसकर अपने पिता की सारी पूंजी फंसा कर बैठ जाते हैं फिर वह पुलिस प्रशासन का सहारा लेते हैं सही ज्ञान का ना होने के कारण मुसीबत का सामना करना पड़ता है।राजीव के अनुसार हर बच्चे को सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए राजीव के अनुसार बिना अंग्रेजी भाषा के विदेश में मुसीबत का सामना करना पड़ता है एवं यदि आप ज्ञान नहीं रखते हैं तो यहां के लोग भी आपका बेवकूफ बनाते हैं एवं बेवकूफ बनाकर आपकी जेब से पैसे निकलवा लेते हैं। राजीव परुथी ने पानीपत के सभी लोगों को अपील की विदेश जाने से पहले सही जानकारी एवं उचित जानकारी लेना बहुत जरूरी है।गांव के बच्चे जब शहर में आते हैं शहर के लोग उन्हें सही ज्ञान न देकर उनका समय व्यर्थ करते हैं।

## समालखा एसडीएम छुट्टी पर, पानीपत एसडीएम लगा रहे समालखा में शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**सीएम व जिला उपायुक्त** के निर्देश पर समालखा के उपमंडल कार्यालय पर लगायें जा रहे समाधान शिविर में बृहस्पतिवार को कुल 25 शिकायत आई जिनमें से मौके पर 4 का समाधान कर दिया गया है। समालखा के एसडीएम अमित कुमार के छुट्टी पर चले जाने के बाद पिछले दो दिनों से पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह समालखा में समाधान शिविर में पीड़ितों की शिकायते सुन रहे हैं।



उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एक किसान ने बिजली विभाग के खिलाफ शिकायत देकर अपने खेत में जबरन ट्रांसफार्मर रखने का आरोप लगाया है जिस पर एसडीएम मनदीप ने शिकायत को समाधान के लिए बिजली विभाग के एसडीओ के पास भेजा है।

## युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनें मास्टर सतपाल सीकरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मास्टर** सतपाल सीकरी एक शिक्षक होने के साथ साथ मेहनती, संघर्षशील व सामाजिक कार्यकर्ता के रूप मे जाने जाते हैं` मास्टर सतपाल सीकरी ने विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों मे अपनी सेवाए देते हुए बहुत से बच्चों को सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाया है` अपने कैरियर की शुरूआत एक छोटे से स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल नीलोखेड़ी से करते हुए इन्होंने पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल पिपली कुरुक्षेत्र के साथ



साथ गीता तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थान कनिपला कुरुक्षेत्र मे सेवाए देते हुए एक सफल शिक्षक के रूप मे अपनी पहचान बनाई है` एक शिक्षक के साथ साथ इन्होंने एन. सी. सी. व एन. एस. एस. अधिकारी के रूप मे कार्य किया` इनके नेतृतव मे बहुत से बच्चे आज हरियाणा पुलिस, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना मे अपनी सेवाए दे रहे हैं` अपने विषय पर गहन पकड़ व सख्त अनुसाशन इनकी कार्यशैली का हिस्सा रहे हैं` खेल के क्षेत्र मे भी इनके द्वारा प्रशिक्षित किये गए खिलाड़ी आज राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं` एक स्थायी शिक्षक के रूप मे इन्होंने अपनी पहली नियुक्ति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय पटहेड़ा खण्ड इंद्री मे पाई इस समय मास्टर जी अपनी सेवाए करीब एक साल से राजकीय उच्च विधालय रायपुर रोड़ान खण्ड नीलोखेड़ी मे दे रहे हैं` शिक्षाविद होने के साथ साथ इनका नाता सामाजिक संगठनों से भी जुड़ा है जिसके अंतर्गत आजीवन सदस्य कन्या गुरुकुल शिक्षा समिति अंजनथली, आजीवन सदस्य रोड़ महासभा व आजीवन सदस्य रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच व प्रदेश सह प्रवक्ता रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच मे भी अपनी सेवाए दे रहे हैं`

## योग भारत की प्राचीन परंपरा का सम्पूर्ण विश्व को एक अमूल्य उपहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :मनुष्य प्रकृति** या परमेश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना है और मनुष्य के पिण्ड व ब्रह्माण्ड में बीज रूप में जो सम्पूर्ण ज्ञान, संवेदना, सामर्थ्य, पुरुषार्थ,सुख, शान्ति व आनन्द सन्निहित है, उसका पूर्ण प्रकरीकरण व जागरण केवल योगविद्या एवं योगाभ्यास से ही संभव है। आज विश्व समुदाय के सम्मुख उपस्थित हिंसा, अपराध, आतंकवाद, युद्ध, नशा, भ्रष्ट आचरण व भ्रष्टाचार, विचारधाराओं का चरम संघर्ष,अन्याय, अमानवीय असमानता, स्वार्थपरता, अहंकार एवं अकर्मण्यता जैसी विकराल एवं ज्वलंत समस्याओं का एकमात्र



समाधान योग है। यह विचार दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस मे मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित आधुनिक भौतिकवादी जीवन में योग के महत्व पर आयोजित योग संवाद कार्यक्रम योग मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम जा शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। विद्यर्थियों ने विभिन्न आसन एवं यौगिक क्रियाओ का अद्भुत प्रदर्शन किया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा पूरे जीवन को एक शब्द में कहें या परिभाषित करें तो वह है - अभ्यास। जैसे हमारे सोचने, विचारने, खाने-पीने, कमाने, बोलने व जीने के अभ्यास होते हैं, वैसा ही हमारा जीवन हो जाता है। एक योग के प्रतिदिन के अभ्यास से हमारे जीवन के सभी अभ्यास श्रेष्ठ, परिष्कृत व दिव्य हो जाते हैं। अतः नियमित योगाभ्यास ही एक स्वस्थ, समृद्ध, सफल व सुखी आदर्श जीवन का आधार है। जीवन को दो शब्दों में कहें तो यह है - दृष्टि व आचरण। योगी की दृष्टि भी बहुत ऊँची, शुद्ध, सात्विक व श्रेष्ठ होती है तथा योगी का आचरण भी शुद्ध, सात्विक, पवित्र व श्रेष्ठ होता है। दृष्टि व आचरण की शुद्धता, श्रेष्ठता, पवित्रता व दिव्यता ही जीवन का अन्तिम लक्ष्य है।डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा जब शरीर शारीरिक रूप से स्वस्थ होता है, तो मन स्पष्ट, केंद्रित होता है और तनाव नियंत्रण में रहता है। आध्यात्मिक कल्याण, आत्म-साक्षात्कार और ईश्वर की प्राप्ति योग और ध्यान के स्तंभ हैं। भारतीय धर्म और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्त्व है। आध्यात्मिक उन्नति या शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग की आवश्यकता एवं महत्त्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों द्वारा एकमत से स्वीकार किया गया है। कार्यक्रम में आश्रम के सदस्य, विद्यार्थी एवं अनेक योग साधक उपस्थित रहें।

## स्वस्थ रखने वाली विधा, योग को मोदी ने दिलाई विश्व भर पुनः नई पहचान

**पानीपत , कमाल हुसैन**

**प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी** ने तन मन को स्वस्थ बनाए रखने वाली विधा,योग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व भर में एक नई पहचान दी।संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी मोदी के प्रयासों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित कर भारतीय संस्कृति को नमन किया। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने जिला भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वाधान में शास्त्री क्लोनी में एक निजी स्कूल में मनाए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए कही। गजेंद्र सलूजा ने



कहा की योग हमारे ऋषि मुनियों की दी एक बड़ी सौगात है।आज पूरा विश्व ऋषियों की इस विधा को बड़ी तेजी से अपना रहा है। गजेंद्र सलूजा ने सबका आह्वान किया कि हम सब अपने अपने स्तर पर योग का प्रचार प्रसार करे ताकि भारत की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध हो सके कार्यक्रम में कई प्रकार के प्रायाणाम तथा आसान करवाए गए।

हम अपने दांतों को साफ क्यो करते हैं, इसीलिए न की हमारे दांत सही और तंदुरुस्त और चमकदार बने रहें, ताकि हम जो भी खाएं दांतों के द्वारा सही ढंग से चबाया जा सके और हमारी पांचन क्रिया सही बनी रहे। पर आपको यह जान कर हैरानी होगी कि दांतों को साफ करने वाले टूथपेस्ट आपको बीमारी दे सकते हैं। टूथपेस्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल आपके दांतों के साथ शरीर के अंगों को भी नुक्सान पंहुचा सकते हैं। जब आप टूथपेस्ट से ब्रश करते हैं तो उसमें मौजूद केमिकल मुंह की कैविटी के जरिए आपके शरीर में चले जाते हैं।

# टूथपेस्ट में होते हैं हानिकारक केमिकल



- टूथपेस्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल आपके दांतों को नुक्सान पंहुचा सकते हैं
- इसमें मौजूद हानिकारक केमिकल्स मुंह के जरिए खून में जाकर शरीर के अंगों को नुक्सान पंहुचा सकते हैं
- जब आप टूथपेस्ट से ब्रश करते हैं तो उसमें मौजूद केमिकल मुंह की कैविटि के जरिए आपके शरीर में चले जाते हैं
- 'डीएथलोमिन' नाम के केमिकल से लीवर कैंसर, किडनी कैंसर और हार्मोनल इम्बैलेंस हो सकता है



**1. लीवर और गुर्दे का कैंसर** : टूथपेस्ट में ''डीएथलोमिन' नाम का केमिकल पाया जाता है जिससे टूथपेस्ट में झाग बनता है। इस केमिकल से लीवर कैंसर, किडनी कैंसर और हार्मोनल इम्बैलेंस हो सकता है। जिसके बाद केमिकल आपके खून में जमा होने लगते हैं जो लंबे समय के बाद आपको गंभीर बीमारी दे सकता है।

**2. थायराइड** : बाजार में मिलने वाले टूथपेस्ट में ट्रिक्लोसन नाम का जर्म किलर केमिकल पाया जाता है जिसे पहले पेस्टसाइड की तरह इस्तेमाल किया जाता था। अध्यन से पता चला है कि यह केमिकल थायराइड, हृदय की समस्या और कैंसर जैसे रोगों को जन्म दे सकता है।

**3. दिमाग, किडनी और हृदय की समस्या** : कुछ टूथपेस्ट में पॉलीथीन ग्लाइकोल्स (पॉलीथीन) नाम का पदार्थ पाया जाता है जो और कुछ नहीं प्लास्टिक होती है। यह केमिकल आपके शरीर के लिए जहर की तरह है जो आपके दिमाग, किडनी और हृदय को नुकसान पहुंचा सकता है।

**4. बच्चों में बुद्धि की कमी** : टूथपेस्ट में फ्लोराइड नाम का केमिकल पाया जाता है जो आपके मसूड़ों को नुक्सान पंहुचा सकता है साथ ही बच्चों के दिमाग को भी कमजोर करता है। गर्भवती महिलाएं अगर इसका इस्तेमाल करती हैं तो उन्हें थायरॉयड, हड्डियों की परेशानी, पेट की समस्या और कैंसर हो सकता है।

**5. मुंह का अल्सर और हार्मोनल इम्बैलेंस** : टूथपेस्ट में एक ऐसा पदार्थ मिलाया जाता है जो साबुन की तरह काम करता है जिसे सोडियम सल्फेट कहा जाता है। इससे मुंह का अल्सर, त्वचा में इरिटेशन और हार्मोनल इम्बैलेंस हो सकता है।

**6. मधुमेह और वजन बढ़ना** : टूथपेस्ट में एस्पार्टेम (आर्टफिशल शुगर) पाई जाती है। इस जीरो कैलोरी शुगर से मधुमेह और मोटापे का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही इससे ब्रेन ट्यूमर सहित कई अन्य बीमारियां भी होती हैं।

# अंडरगारमेंट जो करेगा कूल्हे की चोट से रक्षा



**नई दिल्ली।** आजकल वृद्धों में कूल्हे की चोट काफी आम बात सी हो गई है। जरा सा भी गिरने पर आपके घर में मौजूद किसी भी वद्ध को कूल्हे पर गंभीर चोट लग जाती है। अब आईआईटी के छात्रों ने एक ऐसा अंडरगारमेंट तैयार किया है जो वृद्ध लोगों को इस तरह की चोट से बचाएगा। जल्द ही आप इसे ऑनलाइन भी खरीद सकेंगे।

> **दरअसल यह एक डिवाइस है जिसे अंडरगारमेंट में फिट किया गया है, यह डिवाइस हिप एरिया पर स्थित फीमर बोन की सुरक्षा करेगा**
>
> **यह डिवाइस पूरी तरह से कॉटन से तैयार की गई है**
>
> **माइक्रो सेल्यूलर इंजेक्शन के साथ इसमें प्लास्टिक फोम का भी प्रयोग किया गया है, यह डिवाइस काफी लचीली भी है**

दरअसल यह एक डिवाइस है जिसे अंडरगारमेंट में फिट किया गया है। यह डिवाइस हिप एरिया पर स्थित फेमुर बोन की सुरक्षा करेगा। आईआईटी दिल्ली के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स ने इस डिवाइस को तैयार किया है। आईआईटी के प्रोफेसर नरेश भटनागर ने इस डिवाइस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह डिवाइस पूरी तरह से कॉटन से तैयार की गई है। माइक्रो सेल्यूलर इंजेक्शन के साथ इसमें प्लास्टिक फोम का भी प्रयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि यह डिवाइस काफी लचीली भी है।

कैसे बचाता है चोट से प्रोफेसर नरेश के मुताबिक, गिरने पर यह डिवाइस हिप एरिया के आसपास मौजूद टिश्यूज पर पड़ने वाले दबाव को कम करती है। इसकी वजह से कोई भी चोट या फिर घाव नहीं होता है। इसका आकार काफी छोटा है, वजन भी कम है और इसकी डिजाइन भी काफी सुविधाजनक है। ऐसे में अगर आप चाहें तो इस डिवाइस को आसानी से अपने साथ कैरी कर सकेंगे। प्रो. भटनागर ने जानकारी दी कि जल्द ही यह डिवाइस फ्लिपकार्ट पर 1,000 रु पए से भी कम कीमत पर लोगों के लिए मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि अमेरिका में इसी तरह की एक डिवाइस है जिसकी कीमत 100 अमेरिकी डॉलर है लेकिन भारत में यह काफी सस्ती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत:आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

## लॉफिंग ज़ोन

एक टीवी सेल्समैन एक गृहिणी को अपनी कंपनी के नये कलर टीवी की विशेषताएं बता रहा था. यह दिखाने के लिए कि रिमोट कंट्रोल कितना शक्तिशाली है, वह रंगीन टीवी को बैठक में छोड़कर रसोईघर में गया और वहीं से टीवी का चैनल बदलकर दिखाया.

एक माह बाद वह फिर पहुंचा और उस गृहिणी से टीवी के बारे में पूछा.

गृहिणी ने कहा, 'टीवी तो अच्छा है पर चैनल बदलने के लिए हर बार मुझे रसोईघर में जाना पड़ता है.'

☺ ☺ ☺

वकील साहब (मुजरिम से)- 'क्या यह सही है कि तुमने दस हजार रुपये के साथ-साथ गहने भी चुराए हैं?'

मुजरिम (वकील से)- हां साहब. मेरी मां का कहना है कि केवल रुपये से ही खुशी नहीं मिल सकती.'

☺ ☺ ☺


मालिक (नौकर से)- 'इन सारे मच्छरों को मार दो.'

थोड़ी देर बाद मालिक फिर गुस्से से बोला, 'तुमने इनको मारा नहीं इनकी भिनभिनाहट सुनकर मेरे कान पक गए हैं.'

नौकर (मालिक से)- साहब जी, 'मच्छरों को तो मैंने कभी का मार दिया. ये तो उनकी विधवाएं हैं जो उनकी याद में विलाप कर रही हैं.'


☺ ☺ ☺

## काकुरो पहेली - 4091




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो 4090 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली-4091



**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती हैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली 4090



## सूडोकु 4091


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4090 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 4091




**बाएँ से दाएँ**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

शब्द पहेली - 4090 हल



## ईस्ट बंगाल ने कप्तान क्लेटन सिल्वा का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ाया

एजेंसी

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने कप्तान क्लेटन सिल्वा का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है, जो 2024-25 सत्र के अंत तक चलेगा। सुपर कप फुटबॉल चैंपियन टीम ने यह घोषणा की। क्लेटन इस साल की शुरुआत में सुपर कप में ईस्ट बंगाल के विजयी अभियान के दौरान शीर्ष स्कोरर थे और उन्होंने इंडियन सुपर लीग में भी टीम के लिए सबसे अधिक गोल किए। ईस्ट बंगाल के साथ अपना सफर जारी रखने को लेकर खुश क्लेटन ने कहा कि मैंने हमेशा अपने प्रशंसकों और अपनी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। उन्होंने कहा कि ईस्ट बंगाल के साथ सुपर कप जीतना हमेशा मेरे करियर के सबसे शानदार क्षणों में से एक रहेगा।

क्लेटन के कार्यकाल के विस्तार का मतलब है कि ईस्ट बंगाल की टीम में भारत के तीन प्रमुख घरेलू टूर्नामेंटों के शीर्ष गोल स्कोरर रहेंगे जिसमें दिमित्रियोस डायमेंटाकोस (आईएसएल), क्लेटन (सुपर कप) और डेविड लालहलनसांगा (डूरंड कप) शामिल हैं। बेंगलुरु एफसी से 2022 में ईस्ट बंगाल एफसी में शामिल होने के बाद क्लेटन ने टीम के लिए 55 मैचों में 27 गोल किए और आठ गोल करने में मदद की। ब्राजील का यह फारवर्ड 12 गोल के साथ आईएसएल 2022-23 का संयुक्त रूप से शीर्ष गोल स्कोरर भी रहा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच से ग्रीनपार्क का सूखा होगा खत्म

**कानपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लिए सूखे का दंश झेल रहे कानपुर के ग्रीनपार्क को एक बार फिर से केवल टेस्ट मैच के लिए चुन ही लिया गया। हालांकि इसके लिए कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों को लगभग तीन साल का लम्बा इन्तजार करना पड़ गया। बीसीसीआई की ओर से घरेलू श्रृंखला की घोषणा की गयी जिसमें बांग्लादेश की टीम के खिलाफ भारतीय टीम टेस्ट मैच खेलेगी। पहली बार नगर की सरजमीं पर बांग्लादेश की टीम के खिलाफ भारतीय टीम 27 सितम्बर से एक अक्टूबर के बीच श्रृंखला का दूसरा मैच खेलने आएगी। यह पहली बार होगा जब बांग्लादेश की टीम नगर में अपना पहला टेस्ट मैच खेलगी। कानपुर के ग्रीनपार्क को 2021 के बाद टेस्ट मैच मिला है। क्रिकेट प्रेमियों को पूरे तीन साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। बांग्लादेश और टीम इंडिया के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच कानपुर के ग्रीनपार्क में खेला जाएगा। तीन साल पहले ग्रीनपार्क टेस्ट मैच का गवाह बना था। साल 2021 में टीम इंडिया ने ग्रीनपार्क में टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था, जिसमें हार जीत का निर्णय अंतिम दिन तक नहीं हो सका था।

## चिराग-सात्विक पर ओलंपिक में पदक जीतने का दबाव, बोले- हम इसे सकारात्मक रूप से ले रहे हैं

**नई दिल्ली।** ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कहा कि उन पर अपेक्षाओं का दबाव है लेकिन वे इसे झेलने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। पेरिस ओलंपिक खेल शुरू होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं और भारतीय बैडमिंटन की स्टार जोड़ी ने स्वीकार किया कि उनसे काफी उम्मीदें की जा रही हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ एक कार्यक्रम में बात करते हुए सात्विक ने कहा कि वे देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सात्विक ने कहा,''हम ओलंपिक में भारतीय के ध्वज को ऊंचा रखने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। हम इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।'' चिराग दबाव को लेकर चिंतित नहीं है क्योंकि वह अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए सकारात्मक बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, दबाव है लेकिन हम इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। चिराग ने टोक्यो ओलंपिक से जुड़ी यादों पर भी बात की जो उनका पहला ओलंपिक भी था।

उन्होंने कहा, टोक्यो ओलंपिक में भाग लेना और यह अहसास होना कि हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, शानदार अनुभव था। ओलंपिक गांव में घूमते समय मुझे लगा कि दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भी आम इंसानों जैसे ही हैं लेकिन वह अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हैं। सात्विक ने खुलासा किया कि तोक्यो ओलंपिक के दौरान वह प्रत्येक मैच से पहले नीरज चोपड़ा से हाथ जरूर मिलाते थे जिन्होंने इन खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

## कोटा बदलने की मंजूरी के बाद श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में शीर्ष पर रही थी इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गई। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

## रिकी पोंटिंग ने पैट कमिंस को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी प्रदान की

एजेंसी

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने शुक्रवार को (भारतीय समयानुसार) सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार प्रदान किया। आईसीसी हॉल ऑफ फ़ेमर और 2006 और 2007 में इसी सम्मान के विजेता पोंटिंग ने अपने हमवतन कमिंस को 2023 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी प्रदान की। कमिंस ने बतौर कप्तान 2023 में अपने देश को एकदिनी विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। दोनों ही मौके पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया।

उन्होंने 2023 में 27.50 की औसत से 42 टेस्ट विकेट लिए, 254 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने उनके नेतृत्व में भारत में एक टेस्ट जीता और घर से दूर एशेज बरकरार रखी। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां उन्होंने 15 विकेट लिए।



2024 में टी20 विश्व कप जीत के साथ, कमिंस की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया के पास व्हाइट-बॉल विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप दोनों जीतने का अवसर है। 31 वर्षीय खिलाड़ी 2024 में भी प्रभावित करना जारी रखा है, उन्होंने 25.64 की औसत से 17 टेस्ट विकेट लिए और बल्ले से 26 की औसत से 157 रन बनाए, साथ ही आठ से कम की इकॉनमी से इतने ही टी20 मैचों में पांच विकेट लिए।

वर्तमान में, कमिंस ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन टीम का हिस्सा हैं, जो बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मैच में खेल रही है।

## टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने पैट कमिंस

एजेंसी

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में हैट्रिक लेकर एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है।

कमिंस टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं, वहीं टी-20 विश्व कप 2024 में यह पहली हैट्रिक है। पैट कमिंस के पहले दो विकेट 18वें ओवर के पांचवें और छठे गेंद पर आए- दोनों ही विकेट हार्ड लेंथ गेंदों पर मिले। महमुदुल्लाह ने पहले कमिंस को पुल करने की कोशिश की, और गेंद को वापस स्टंप पर खेल दिया, इससे पहले मेहेदी हसन ने कमिंस की गेंद को सीधे डीप थर्ड पर तैनात फील्डर के हाथ में मार दिया।

फिर उन्होंने अंतिम ओवर की शुरुआत में धीमी गेंद पर खतरनाक तौहीद ह्रदय को आउट किया। ह्रदय ने उन्हें कंधे के ऊपर से स्कूप करने की कोशिश की, लेकिन कमिंस ने उन्हें चकमा दे दिया, और बल्लेबाज ने शॉर्ट फाइन लेग पर आसान सा कैच



फील्डर को दे दिया। इससे पहले केवल ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए हैट्रिक ली थी - वह भी बांग्लादेश के ही खिलाफ।

ब्रेट ली ने 2007 में शाकिब अल हसन, मशरफे मुर्तजा और आलोक कपाली को आउट कर हैट्रिक पूरी की थी।

**आईसीसी टी-20 विश्व कप में हैट्रिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची-**

| वर्ष | खिलाड़ी | देश | विरोधी टीम |
|---|---|---|---|
| 2007 | ब्रेट ली | ऑस्ट्रेलिया | बांग्लादेश |
| 2021 | कर्टिस कैंफर | आयरलैंड | नीदरलैंड |
| 2021 | वानिंदु हसरंगा | श्रीलंका | दक्षिण अफ्रीका |
| 2021 | कागिसो रबाडा | दक्षिण अफ्रीका | इंग्लैंड |
| 2022 | कार्तिक मयप्पन | यूएई | श्रीलंका |
| 2022 | जोश लिटिल | आयरलैंड | न्यूजीलैंड |
| 2024 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | बांग्लादेश |

## यूरो 2024 : डेनमार्क ने इंग्लैंड से ड्रा खेला, स्पेन ने इटली को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई

एजेंसी

**बर्लिन।** स्पेन ने यूरो 2024 ग्रुप चरण के दूसरे दौर में ग्रुप बी के मुकाबले में रिकार्डो कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल से इटली को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया, जबकि इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1-1 से ड्रा खेला।

मैच में इंग्लैंड ने जोरदार शुरूआत की और मैच के 18वें मिनट में हैरी केन ने गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। हालांकि मैच के 34वें मिनट में मोर्टेन हुल्मंड के गोल से डेनमार्क ने 1-1 की बराबरी हासिल कर ली और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

ग्रुप सी के दूसरे मुकाबले में सर्बिया ने लुका जोविक के इंजरी टाइम में किये गए गोल कर बदौलत स्लोवेनिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला। स्लोवेनिया के लिए बेंजामिन सेस्को ने 69वें मिनट में गोल किया



था।इन नतीजों के साथ, ग्रुप सी में इंग्लैंड (4 अंक) शीर्ष पर बना हुआ है, उसके बाद डेनमार्क, स्लोवेनिया (दोनों 2 अंक) और सर्बिया (1 अंक) का स्थान है। ग्रुप बी में, स्पेन ने लगातार दूसरी जीत हासिल करके अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है।

स्पेन ने एकतरफा मुकाबले में दबदबा बनाए रखा, लेकिन उन्हें गोल करने में कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि दूसरे हाफ में इटली को उस समय झटका लगा, जब 55वें मिनट में कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल की बदौलत स्पेन ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इटली के पास स्पेन की रक्षा को भेदने के लिए कोई रणनीति नहीं थी और अंत में स्पेन 1-0 से यह मैच जीतने में कामयाब रहा। स्पेन छह अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर है, जबकि इटली तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, उसके बाद अल्बानिया और क्रोएशिया दोनों एक-एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## विश्व एथलेटिक्स मीट : शैली सिंह ने रजत, एल्डोज पॉल ने जीता कांस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लम्बी कूद एथलीट शैली सिंह ने स्लोवाकिया के कोसिसे में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (कांस्य स्तर) जेबीएल जंप फेस्ट में रजत पदक जीता। 20 वर्षीय शैली ने पांचवे राउंड में 6.43 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर छह एथलीटों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बुल्गारिया की प्लामेना मितकोवा ने 6.70 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जो एक नया रिकॉर्ड है। पुरुषों की ट्रिपल जंप में एल्डोज पॉल ने कांस्य पदक जीता, जबकि प्रवीण चित्रावेल छह प्रतिभागियों में अंतिम स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एल्डोज 16.45 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रवीण 15.87 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करके छठे स्थान पर रहे। क्यूबा के लाज़ारो मार्टिनेज ने 16.88 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। तीनों भारतीय 27 से 30 जून तक पंचकूला में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे।



## भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के करीब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रियांश ने कंपाउंड डिवीजन में व्यक्तिगत पदक जीतने की अपनी संभावनाओं को जीवित रखा है, जबकि भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमें तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 के तीसरे दिन के अंत में ओलंपिक बर्थ के लिए रेस में बनी हुई हैं। प्रियांश कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय तीरंदाज थे।

अद्भुत निरंतरता दिखाते हुए, प्रियांश ने जर्मनी के सेबेस्टियन हैमडॉर्फ को 149-141, मैक्सिको के जुआन डेल रियो को 149-149 (शूट-ऑफ- 10-9), हमवतन प्रथमेश फुगे को 149-148 और तुर्की के बटुहान अक्काओग्लू को 149-147 से हराया। अंतिम-चार में उनका सामना डेनमार्क के मैथियास फुलर्टन से होगा। वहीं,



अभिषेक वर्मा को अक्काओग्लू ने 148-146 से हराया। महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में वी. ज्योति सुरेखा तीसरे राउंड में इटली की एलिसा रोनेर से 147-145 से हार गईं। अदिति स्वामी को पाओला रामिरेज़ गोंजालेज ने 142-140 से हराया, जबकि परनीत कौर को दूसरे राउंड में यूएसए की एलेक्सिस रुइज़ ने 146-144 से हराया। रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की पांचवीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम को पहले राउंड में बाई मिली और उसने नीदरलैंड को 6-2 और यूक्रेन को 5-3 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में फ्रांस से 5-4 (शूट-ऑफ 28-25) से हार गई। बाद में, भारत कांस्य पदक के मैच में जापान से 6-0 से हार गया। हालांकि, सेमीफाइनल में पहुंचने से भारतीय महिलाओं को पेरिस 2024 में जगह बनाने में मदद मिलेगी।बी.धीरज, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की छठी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम को बाई मिली, लेकिन अगले दौर में नीदरलैंड से 5-1 से हार गई। भारतीय पुरुष और महिला टीमों के पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने की संभावना उन टीमों की विश्व रैंकिंग के माध्यम से है, जिन्होंने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है।

## भारत से मिली हार पर राशिद ने कहा- हमने सोचा था कि 170-180 का लक्ष्य हासिल कर लेंगे

एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में भारत के खिलाफ अपनी टीम की 47 रन से हार के बाद, अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि खिलाड़ियों को लगा था कि वे बारबाडोस में 170-180 रनों का पीछा कर सकते हैं। कप्तान राशिद ने पहली पारी में अफगान गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की और अपने चार ओवर के स्पेल में 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। हालांकि बल्लेबाजी में वह कुछ खास नहीं कर सके और छह गेंदों पर केवल दो रन ही बना सके।

मैच के बाद राशिद ने कहा कि उन्हें यह सोचना चाहिए था कि वे इस तरह के लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं। 25 वर्षीय राशिद ने स्वीकार किया कि हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उन्हें संघर्ष करना पड़ा था। राशिद ने कहा, यह ऐसी सतह थी जिस पर हमने सोचा था कि हम 170-180 रन का पीछा कर सकते हैं। आप बस वहां जाएं और बड़ी टीमों के खिलाफ खेलें, हमें सोचना चाहिए कि हमें ऐसे स्कोर का पीछा करना होगा। शरीर अच्छा महसूस कर रहा है। मैंने आईपीएल में थोड़ा संघर्ष किया। मैं अब लगातार क्षेत्रों में हिट कर रहा हूं। हमने जहां भी खेला है, वहां हमने इसका आनंद लिया है। हम कभी-कभी अपने कौशल को भूल जाते हैं। अगर परिस्थितियां अनुकूल हैं, तो हम इसका उपयोग करने की कोशिश करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 28 रन से हराया

एजेंसी

**एंटीगुआ ।** ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम से बांग्लादेश को सुपर-8 मुकाबले में 28 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 140 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बारिश की वजह से खेल रुकने तक 11.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 100 रन बना लिए थे। डकवर्थ लुईस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया के लिए इस वक्त पार स्कोर 72 रन था। कंगारू टीम इससे 28 रन आगे थी। ऐसे में बारिश की वजह से मैच आगे न हो पाने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम आसानी से जीत गई।

डेविड वॉर्नर ने 34 गेंद में टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 28वां अर्धशतक जड़ा। वह 35 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 53 रन बनाकर और ग्लेन मैक्सवेल छह गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद रहे। सुपर-8 के ग्रुप-1 में अब भारतीय टीम शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर है। दोनों के दो-दो अंक हैं। भारत का नेट रन रेट +2.350 है, जबकि कंगारू टीम का नेट रन रेट +1.824 है। ऑस्ट्रेलिया को अब सुपर-8 के अगले मुकाबले में अफगानिस्तान से 22 जून को भिड़ना है। वहीं, बांग्लादेश की टीम 22 जून को बांग्लादेश का सामना करेगी।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 140 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से



पैट कमिंस ने खास उपलब्धि हासिल की। वह टी20 विश्व कप 2024 में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। वहीं, ओवरऑल टी20 विश्व कप में वह ऐसा करने वाले सातवें खिलाड़ी है। कमिंस टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले ब्रेट ली के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई हैं। ली ने ऐसा 2007 टी20 विश्व कप में किया था। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया था। इसके बाद 20वें ओवर की पहली गेंद पर तौहिद को आउट करते हुए कमिंस ने खास उपलब्धि हासिल की। कमिंस के अलावा एडम जैम्पा ने दो विकेट झटके। वहीं, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक विकेट मिला। बांग्लादेश के लिए कप्तान शांतो और तौहिद के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। स्टार्क ने पहले ही ओवर में तंजीद हसन (0) को क्लीन बोल्ड कर टीम को पहला झटका दिया था। इसके बाद लिटन दास ने शांतो के साथ मिलकर 58 रन की साझेदारी की, लेकिन जैम्पा ने इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने लिटन को क्लीन बोल्ड किया। वह 16 रन बना सके। इसके बाद रिशद हुसैन दो रन बनाकर मैक्सवेल का शिकार बने। जैम्पा की फिरकी का जादू एक बार फिर चला और उन्होंने जम चुके शांतो को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। शांतो ने 36 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन की पारी खेली। शाकिब अल हसन (8) का कैच स्टोइनिस ने अपनी ही गेंद पर लपका। महमूदुल्लाह दो रन बनाकर और मेहदी खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। तस्कीन सात गेंद में 13 रन और तंजीम हसन शाकिब चार रन बनाकर नाबाद रहे।

141 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत शानदार रही थी। डेविड वॉर्नर और ट्रेविस हेड ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। सातवें ओवर में बारिश की वजह से मैच को रोका गया था। हालांकि, कुछ देर में मैच दोबारा शुरू हुआ। सातवें ओवर में रिशाद हुसैन ने हेड को क्लीन बोल्ड किया। वह 21 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रिशाद ने कप्तान मिचेल मार्श को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह एक रन बना सके। फिर 12वें ओवर में मैच रुकने तक वॉर्नर ने मैक्सवेल के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। इस तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत हासिल की।

## टी20 विश्व कप : भारत ने जीत से की सुपर-8 की शुरुआत, अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया

एजेंसी

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जा रहे टी20 विश्वकप में भारत ने सुपर-8 में अपना पहला मुकाबला आसानी से जीत लिया है। इस मैच में भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 47 रनों से मात दी है। टीम की जीत में मध्यक्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन, खासकर सूर्यकुमार यादव का तेजतर्रार अर्धशतक, रहा..वहीं गेंदबाजों की सधी लाइनलेंथ ने अफगान खिलाड़ियों को मैच में पैर जमाने का मौका ही नहीं दिया। सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत की ओर से मिले 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तानी टीम की शुरुआत काफी खराब रही। टीम ने पॉवरप्ले में ही तीन विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (11 रन), इब्राहिम जादरान (8 रन) और हजरतुल्ला जजाई (2 रन) जल्दी पवेलियन लौट गए। उनके बाद गुलाबदीन नाइब और अजमतुल्लाह ओमरजाई ने तेज गति से रन बनाने



की कोशिश की लेकिन उसी चक्कर में दोनों ने अपने विकेट भी गंवाए। नाइब ने 17 और ओमरजाई ने 26 रन बनाए। वहीं नजीबुल्लाह जादरान ने 19 और मोहम्मद नबी ने 14 रन की पारी खेली। जबकि कप्तान राशिद खान सिर्फ दो रन बना सके। इस तरह पूरी टीम 134 रन पर सिमट गई। भारत के लिए जसप्रित बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट चटकाए। जबकि स्पीनर तिकड़ी ने आपसे में चार विकेट बांटे। कुलदीप यादव ने दो विकेट और अक्षर पटेल-रविंद्र जडेजा को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 181 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने फिर जिम्मेदारी वाली लेकिन रफ्तार वाली पारी खेली। सूर्या ने 28 गेंदों में 53 रन बनाए। सूर्या को हार्दिक पांड्या का बेहतरीन साथ मिले, जिन्होंने 24 गेंदों में 32 रन की पारी खेली। इसके अलावा, विराट कोहली ने 24 और ऋषभ पंत ने 20 रन का योगदान दिया। आखिरी ओवर में अक्षर पटेल (12 रन) के कैमियों की वजह से टीम का स्कोर 181 तक पहुंच सका। अफगान टीम के लिए राशिद खान और फजलाह फारुखी ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं नवीन उल हक को एक विकेट मिला।

## अफगानिस्तान पर जीत के बाद रोहित ने कहा- सूर्यकुमार, हार्दिक की साझेदारी महत्वपूर्ण थी

एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** आईसीसी टी 20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की 47 रनों की जीत के बाद, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या की महत्वपूर्ण साझेदारी और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन गेंदबाजी की सराहना की। सूर्यकुमार यादव के विस्फोटक अर्धशतक और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने बारबाडोस में आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने पहले मैच में अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। मैच के बाद रोहित ने कहा, पिछले दो साल से हम यहां टी20 खेल रहे हैं, इसलिए हम परिस्थितियों को समझते हैं और उसी के अनुसार योजना बनाते हैं। हमने परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला और 180 रन बनाए, जो बल्लेबाजों का शानदार प्रयास था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 22 जून 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# वाइब्रेंट इकोनॉमिक हब के रूप में विकसित होगी 'पीतल नगरी'

मुरादाबाद को अगले सात साल में विकसित करने के लिए योगी सरकार ने खींचा खाका, पीतल की कारीगरी करने वाले आर्टिजन के लिए महायोजना 2031 में विशेष प्रबंध, हैंडीक्राफ्ट और निर्यात उद्योग को बढ़ाने पर योगी सरकार का है सर्वाधिक जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** प्रदेश के प्रत्येक जिले को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को पूरा करने में जुटी योगी सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है, वहीं इसकी पहचान और ओडीओपी में शामिल पीतल हैंडीक्राफ्ट के निर्माण और निर्यात उद्योग को भी बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि मुरादाबाद को वाइब्रेंट इकोनॉमिक हब के रूप में विकसित किया जाए। यहां पीतल उद्योग से जुड़े आर्टिजन के लिए हस्तशिल्प ग्राम बनाने के साथ ही मेगा एमएसएमई पार्क के निर्माण का प्रस्ताव भी है। यही नहीं औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्क के जरिए मुरादाबाद के औद्योगिक विकास को गति देने की तैयारी है। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का होगा विकासः** महायोजना में इस बात का उल्लेख है कि वर्तमान में 13,14,914 की आबादी वाले शहर की जनसंख्या 2031 में तकरीबन 16,66,404 हो जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए मुरादाबाद की भावी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सुदृढ़ आर्थिक आधार का निर्माण, सामाजिक-सांस्कृतिक एवं भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का विकास किया जाना है। साथ ही साथ नगर के पर्यावरण का संरक्षण करते हुए सतत और नियोजित विकास को बढ़ावा देना है। इसमें ट्रैफिक प्लान को सुदृढ़ करने पर भी बल दिया जाएगा। ट्रैफिक डीकंजेशन के लिए 60 मीटर चौड़े रिंग रोड का प्रावधान है। वहीं विकास क्षेत्र से बाहर एसईजेड को नगर के अंदर मौजूद औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने के लिए 36 मीटर चौड़े औद्योगिक गलियारे का भी विकास किया जाएगा।



## विकास पर बल

▸▸ लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के साथ ही 55 एकड़ में विवि के निर्माण की बात भी कही गई

**1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप 'शिवालिक' का प्लान**

मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के साथ ही 55 एकड़ में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है। इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप 'शिवालिक' और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत तथा 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है। इसके साथ ही स्पोर्ट्स सिटी, आयुष पार्क, शुगरकेन प्रोसेसिंग क्लस्टर, कैटल कॉलोनी, मत्स्य मंडी और ट्रांसपोर्ट नगर का भी प्रस्ताव है। महायोजना 2031 के लिए मुरादाबाद में वर्तमान में 18017 करोड़ रुपए की शॉर्ट टर्म, 13027 करोड़ रुपए की मिडियम टर्म और 10749 करोड़ रुपए की लॉन्ग टर्म परियोजनाएं संचालित हैं।

## 5 माह में करीब 25 हजार किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर योगी सरकार कड़ा एक्शन ले रही है। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के चलते विगत कुछ वर्षों में इसके विरुद्ध जबरदस्त कार्रवाई की गई है। 2024 की ही बात करें तो मई माह तक 24,529 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ की बरामदगी की गई है। वहीं केवल एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा की गई कार्रवाई की बात करें तो करीब 70 करोड़ से ज्यादा कीमत का 7317 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इसके अलावा प्रदेश स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अवैध मादक पदार्थों से दूरी बनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

**3657 अभियोग किए गए दर्जः** सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में विभिन्न अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान के फलस्वरूप बडी मात्रा में बरामदगी हुई है। मई 2024 तक अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर कुल 3,657 अभियोग दर्ज किए गए हैं। वहीं 4548 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। वहीं 18,945.66 किलो गांजा, 5,151.81 किलो डोडा, 250.39 किलो अफीम, 412.93 किलो चरस, 97.94 किलो हेरोइन/स्मैक और 8.83 किलो मारफीन बरामद की गई है। इस तरह मई 2024 तक कुल 24,529.24 किलो मादक पदार्थ बरामद किया गया है। 2023 में 61,685.14 किलो, 2022 में 56,453.57 किलो और 2021 में 53,074.83 किलो मादक पदार्थ बरामद किया गया था।

## ट्रिपल मौत की नहीं सुलझी गुत्थी

**नवादाः** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव में गुरुवार को एक घर से तीन महिला की लाश मिलने की घटना के 48 घण्टा से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी घटना के कारणों को लेकर अभी तक कोई पुख्ता सबूत नहीं मिल सकी है, जिससे मामला उलझता जा रहा है एवं लोगों के मन में तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं। घटना को लेकर शुक्रवार को कौआकोल थाना में स्थानीय चौकीदार के फर्दबयान पर यूडी केश दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सरोज कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वरीय अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में पुलिस केश दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है। वहीं गुरुवार की देर शाम पटना से आई फॉरेंसिक टीम ने मृतक के घर से आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सभी साक्ष्य जुटाकर पटना के लिए निकल गई। वहीं तीनों शवों को कौआकोल पुलिस द्वारा पटना लेकर जाने की सूचना है,जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद वैज्ञानिक जांच की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है।

# यूपी में शिकस्त के बाद बिखरने लगी बीजेपी?

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुरः** लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा में विरोध के स्वर फूटने लगे हैं। हार की समीक्षा को आए पर्यवेक्षक भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला और विधायक आशीष कुमार आशु के समक्ष जमकर हंगामा हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री एवं नगर विधायक के खिलाफ नारेबाजी कर उन पर चुनाव हरवाने के गंभीर आरोप लगाए। प्रशासन पर भी सहयोग नहीं करने के आरोप लगे। कहा गया कि नानौता में बगैर अनुमति के राजपूत समाज की पंचायत कैसे हो गई। हंगामे के कारण बैठक को बीच में रोक दिया गया। बाद में पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में मंडलवार कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। आयोजित बैठक में पहुंचे प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। **कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता व मंत्री पर लगाए आरोप**

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नानौता महापंचायत के बाद सहारनपुर में भाजपा विरोधी माहौल बनाया गया। महापंचायत कराने में कुछ भाजपा नेता और मंत्री तक शामिल रहे। जिससे हार हुई। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि महापंचायत को भाजपा के मंत्री और कुछ नेताओं ने फंडिंग की है। पुलिस प्रशासन ने पंचायत को रोकने की कोशिश नहीं की। कई स्थानों पर भाजपा का वोट भी नहीं डालने दिया गया। कार्यकर्ताओं ने शहर विधायक राजीव गुंबर पर आरोप लगाया कि उन्होंने चुनाव हराने में पूरी ताकत झोंक दी। शहर के हिंदू क्षेत्रों में मात्र 50 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव सामग्री भी कार्यकताओं को नहीं दी गई। जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी ने बताया कि हार के कारण गुस्सा था। कुछ कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर नेताओं के प्रति नाराजगी जताई। बाद में शांतिपूर्ण ढंग से मंडलवार समीक्षा की गई।



## तनातनी

▸▸ बवाल हंगामा, पर्यवेक्षकों के सामने ही भिड़े भाजपाई, कई जिलों में नजर आई तनातनी

# लुधियाना रेलवे स्टेशन पर मचा हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लुधियानाः** लुधियाना रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। यहां एक 15 साल की लड़की हाईटेंशन तारों के ऊपर फुट ओवरब्रिज से लटक गई। यह देखकर स्टेशन पर मौजूद लोग सकते में आ गए और लड़की को उतारने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह कभी एक छोर तो कभी दूसरे छोर पर जाकर लटकती रही।

**तारों के बीच फासला होने से बची जानः** हालांकि, फुट ओवरब्रिज और हाईटेंशन तारों के बीच फासला होने के कारण वह तारों की चपेट में नहीं आई। लगभग एक घंटे तक चले इस ड्रामे के बाद रेल अधिकारियों ने पावर सप्लाई बंद कर लड़की को किसी तरह से नीचे उतारा और उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि लड़की मानसिक रूप से परेशान थी। इसी कारण उसने यह कदम उठाया। शुक्र है कि प्लेटफार्म नंबर छह पर उस समय कोई ट्रेन नहीं आई अन्यथा हादसा होने की आशंका थी



**गांव सुनेत की रहने वाली है नाबालिगः** गांव सुनेत में रहने वाली 15 वर्षीय लड़की गुरु नानक स्टेडियम की ओर से रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज पर पहुंची और अचानक उसपर से हाईटेंशन तारों पर लटक गई। लड़की को लटकते देख प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी दौरान सूचना पाकर आरपीएफ और जीआरपी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लड़की को उतरने का प्रयास करते रहे। हालात गंभीर देख सुरक्षा बलों ने रेल अधिकारियों को सूचित किया और पीछे से प्लेटफार्म नंबर छह की हाईटेंशन तारों पर पावर कट लगाने को कहा।

## हादसा टला

▸▸ हाईटेंशन तारों के ऊपर फुटओवर ब्रिज से लटकी 15 साल की लड़की; फिर बची जान

# ईडी ने एक करोड़ नकदी और 100 गोली किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांचीः** जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने से ईडी ने एक करोड़ रुपये नकदी और सौ राउंड गोली बरामद किया है। इसके अलावा ईडी ने कमलेश के ठिकाने से कई अधिकारियों के जमीन से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन में रहने वाले जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकाने पर छापेमारी की है। जमीन घोटाले में गिरफ्तार हुए शेखर कुशवाहा से जुड़े मामले को लेकर ईडी के द्वारा यह छापेमारी की गयी है।

बीते 12 जून को ईडी ने बड़गाईं जमीन घोटाला में गाड़ीगांव निवासी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था।

## कार्रवाई

▸▸ ईडी ने कमलेश के ठिकाने से कई अधिकारियों के जमीन से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किया

# केजरीवाल को जेल में रखना चाहती है बीजेपीः ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** आम आदमी पार्टी हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत से नियमित जमानत मिलने के बाद हाईकोर्ट में उसके खिलाफ अपील की ईडी की जल्दबाजी पर शुक्रवार को यहां सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ईडी को यह जिम्मा सौंपा गया है कि किसी भी तरह से केजरीवाल को जेल में ही रखना है और इसीलिए ईडी जमानत का आदेश मिलने से पहले ही हाईकोर्ट में अपील के लिए पहुंच गई। यहां पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ढांडा ने कहा कि ईडी इस मामले में अब तक कोई सबूत पेश नही कर पाई और न ही बरामदगी कर पाई लेकिन जमानत के खिलाफ खड़ी है। ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुकदमे की सुनवाई भी नही होने दी है। इस सब से जाहिर है कि ईडी को केजरीवाल को जेल में रखने का जिम्मा सौंपा गया है।पूरा देश इस बात को देख रहा है।उन्होंने कहा कि ईडी भाजपा के दवाब में है। पूरा मामला झूठा है और भाजपा के दफ्तर में लिखी गई कहानी है।भाजपा हरियाणा के बेटे के साथ दुश्मनी निभा रहीं है।



## साधा निशाना

▸▸ ईडी को यह जिम्मा सौंपा गया है कि किसी भी तरह से केजरीवाल को जेल में ही रखना है: अनुराग

उन्होंने कहा कि निचली अदालत से केजरीवाल को नियमित जमानत मिलते ही लगा था कि सिस्टम पटरी पर आ गया है। देश के नेताओ ने अदालत के फैसले को सराहा था लेकिन भाजपा पार्टी की विचारधारा और विश्वास को कम कर रही है।

# अपना दल (एस) ने भंग की सभी कार्यकारिणी



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** लोकसभा चुना में खराब प्रदर्शन के कारण अपना दल (एस) ने उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में सभी कार्यकारिणी भंग कर दी हैं। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर प्रदेश, क्षेत्रीय, जिला व विधानसभा स्तर पर गठित सभी कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव (मुख्यालय) मुन्नर प्रजापति ने बताया कि अब नए सिरे से कार्यकारिणी गठित की जाएंगी।

लोकसभा चुनाव में यूपी में ही पार्टी दो में से एक सीट हार गई। इस बार पार्टी राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट हार गई। वहीं मीरजापुर सीट से अनुप्रिया पटेल चुनाव तो जीत गईं लेकिन अंतर काफी कम हो गया। ऐसे में पार्टी अब संगठन का नए सिरे से पुनर्गठन करेगी। वहीं चुनाव में भितरघात करने वालों पर कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। पार्टी ने राबर्ट्सगंज सीट से निवर्तमान सांसद पकौड़ी लाल कोल को कारण बातओ नोटिस जारी किया है। कोल ने अपनी ही विधायक बहू रिंकी कोल को टिकट देने का विरोध किया था और आरोप है कि उन्होंने चुनाव में प्रचार भी नहीं किया। ऐसे में वह चुनाव हार गईं। नोटिस का जवाब मिलते ही आगे की कार्रवाई होगी।

## सबको हटाया

▸▸ लोकसभा चुनाव में यूपी में ही पार्टी दो में से एक सीट हार गई। इस बार पार्टी राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट हार गई

# कांग्रेस मजबूत होगी तो जनता की आवाज बनेगीः हरीश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वरः** बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला ने नामांकन किया। नामांकन के बाद चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य तिराहे पर जनसभा की। जनसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विधानसभा के अंदर यदि जनता की आवाज उठाने वाला कोई नहीं होगा तो जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है इसलिए जनता को चाहिए कि एक मजबूत विपक्ष के तौर पर बदरीनाथ विधानसभा से सशक्त आवाज को विधानसभा तक पहुंचाएं, ताकि उनकी समस्याओं को उठाया जा सके और समाधान हो। हरीश रावत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में जनता ने भाजपा को नकारा है और कांग्रेस को एक मजबूत विपक्ष के तौर पर संसद में भेजा है। उन्होंने कहा कि आज नौजवान नौकरियों के लिए दर-दर भटक रहा है लेकिन सरकार नौकरियां देने में असफल रही है। जो पेपर हो भी रहे है वह भी लीक हो रहे है। जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह समय ऐसे नेताओं को सबक सीखाने का है जो जनता को बीच मझधार में छोड़ कर पाला बदल देते हैं।



## नकारा

▸▸ यह समय ऐसे नेताओं को सबक सीखाने का है जो जनता को बीच मझधार में छोड़ कर पाला बदल देते हैं

# योग दिवस पर गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में बही योग की धारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशीः** उत्तरकाशी जनपद में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले भर में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए। योग दिवस पर मां के धाम गंगोत्री-यमुनोत्री में योग की धारा बही। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में दर्शन करने आए तीर्थयात्रियों ने योग किया। गंगोत्री धाम में मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने योग अभ्यास किया है।

जिला मुख्यालय में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजकीय आदर्श कीर्ति इंटर कॉलेज उत्तरकाशी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी जय किशन, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान ने सभी लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड एवं उत्तरकाशी जिले का योग व साधना से सदियों से अटूट संबंध रहा है।

**टिकट की दौड़** कुलदीप बिश्नोई ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की

# कुलदीप विश्नोई ने राज्यसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रियता बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हिसार लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने राज्यसभा और विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में लॉबिंग तेज कर दी है। पिछले एक सप्ताह में कुलदीप बिश्नोई भाजपा के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।

**कुलदीप बिश्नोई से नाराज भाजपा हाईकमानः** राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि हिसार लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रणजीत चौटाला का पूरी तरह से साथ नहीं देने के वजह से भाजपा हाईकमान कुलदीप बिश्नोई से नाराज है। कुलदीप के सामने बड़ा धर्मसंकट यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के रहते वे न तो कांग्रेस में वापस लौट सकते हैं और न ही भाजपा को नाराज रहने दे सकते हैं। ऐसे में दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात को कुलदीप की लॉबिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। कुलदीप बिश्नोई ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। मनोहर लाल के आश्वासन पर ही कुलदीप बिश्नोई भाजपा में शामिल हुए थे और उनके बेटे भव्य बिश्नोई को आदमपुर उपचुनाव में टिकट मिला था, जिसके बाद भव्य पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे। कुलदीप चाहते थे कि उनका बेटा भव्य राज्य में मंत्री भी बने, लेकिन अपनी इस लॉबिंग में वह कामयाब नहीं हो सके। लोकसभा चुनाव में कुलदीप हिसार से टिकट के दावेदार थे, लेकिन भाजपा हाईकमान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नजदीकी रणजीत चौटाला को टिकट दे दिया। भाजपा नेतृत्व को कुलदीप बिश्नोई को रणजीत चौटाला के पक्ष में प्रचार करने के लिए मनाना पड़ा। कुलदीप रणजीत चौटाला के लिए वोट मांगते दिखाई भी दिए, मगर रणजीत चौटाला हिसार से चुनाव नहीं जीत पाए। चुनाव नतीजों के बाद रणजीत चौटाला की एक ऑडियो वायरल हुई थी, जिसमें वे कुलदीप बिश्नोई और कैप्टन अभिमन्यु पर चुनाव में सहयोग नहीं देने के आरोप लगाते हुए सुनाई दे रहे हैं। इसके बाद से भाजपा हाईकमान कुलदीप से नाराज बताया जाता है। अब चूंकि राज्यसभा चुनाव होने वाले हैं तथा अक्टूबर में विधानसभा चुनाव भी हैं। कुलदीप की दिल्ली में बढ़ी सक्रियता को राज्यसभा के लिए दावेदारी, विधानसभा चुनाव में अपने समर्थकों को टिकट दिलाने की कवायद तथा भाजपा हाईकमान की नाराजगी को दूर करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## लॉबिंग

▸▸ कुलदीप बिश्नोई ने राज्यसभा और विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में लॉबिंग तेज कर दी



# महाकुम्भ से पहले स्मार्ट होंगे प्रयागराज के मुख्य मार्गों के ढाबे

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** प्रदेश की योगी सरकार महाकुम्भ को भव्य, दिव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी के तहत अब महाकुम्भ पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुख्य मार्गों पर बेहतर सुविधाएं देने के लिए ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को नया स्वरूप दे रही है। इसके लिए योगी सरकार उन्हें सब्सिडी भी दे रही है।

**मुख्य मार्गों में पड़ने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल्स होंगे स्मार्टः** प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि प्रयागराज आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अच्छा अनुभव हो, इसके लिए योगी सरकार प्रमुख मार्गों में पड़ने वाले प्रमुख ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को स्मार्ट बनाने जा रही है। इसके लिए 75 प्रतिनिधियों का चयन किया गया है, जिन्हे शुक्रवार से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें लखनऊ प्रयागराज, कानपुर प्रयागराज, रीवा प्रयागराज, चित्रकूट प्रयागराज, मिर्जापुर प्रयागराज और वाराणसी प्रयागराज मार्ग में पड़ने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल्स शामिल हैं।

